दैनिक नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक K ✌ K

RNI No.61546/95

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा | वर्ष-32 अंक-52 | नर्मदापुरम (होशंगाबाद) गुरूवार 02 अप्रैल 2026 | पृष्ठ-8 | मूल्य -1 रूपये | सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना




## जम्मू-कश्मीर : गांदरबल में चल रही मुठभेड़ में सेना ने एक आतंकवादी को मार गिराया

श्रीनगर ,(आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के गांदरबल जिले में सेना ने मुठभेड़ के दौरान एक आतंकवादी को मार गिराया है। सेना की ओर से जारी बयान में बताया गया है कि 31 मार्च 2026 की रात को रुक-रुक कर हो रही गोलीबारी के बीच घेराबंदी को रणनीतिक रूप से पुनर्गठित किया गया। इसके बाद सेना ने सुनियोजित जवाबी कार्रवाई करते हुए प्रभावी ढंग से एक आतंकवादी को मार गिराया है। ऑपरेशन अभी जारी है। भारतीय सेना की चिनार कोर के अनुसार, मंगलवार की शाम को विशिष्ट खुफिया जानकारी के आधार पर भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने गांदरबल के जनरल अरहामा क्षेत्र में संयुक्त तलाशी अभियान शुरू किया। तलाशी के दौरान सतर्क सैनिकों ने संदिग्ध गतिविधि देखी। चुनौती मिलने पर आतंकवादियों ने गोलीबारी शुरू कर दी और भारतीय सैनिकों ने जवाबी कार्रवाई की। रातभर चले मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया है।

# लोकसभा में विपक्ष का हंगामा, एफसीआरए बिल वापस लो के लगे नारे

## -अमरावती को आंध्र प्रदेश की राजधानी बनाने वाला बिल हुआ पेश

नई दिल्ली,(ए.)। लोकसभा में बुधवार को गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने अमरावती को आंध्र प्रदेश की राजधानी बनाने वाला बिल पेश किया है। इस पर सदन में चर्चा हुई। इससे पहले बुधवार को कार्यवाही शुरू होते ही विपक्षी सांसदों ने हंगामा किया। उन्होंने एफसीआरए बिल वापस लो के नारे लगाए। स्पीकर ओम बिरला ने सांसदों से शांत रहने की अपील की, लेकिन विपक्षी सदस्य अपनी सीटों पर खड़े होकर विरोध करते रहे।



इसके बाद संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि आज एफसीआरए बिल पर लोकसभा में बहस नहीं होगी। दरअसल, आज लोकसभा में विदेशी अंशदान संशोधन विधेयक को बहस और पास करने के लिए लिस्ट किया गया था। एफसीआरए में संशोधन के लिए एक बिल 25 मार्च को लोकसभा में पेश किया गया था। इसमें विदेशी फंडिंग से जुड़े नियमों को और स्पष्ट और सख्त करने का प्रस्ताव है, ताकि एनजीओ को मिलने वाले विदेशी चंदे में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाई जा सके।

रिपोर्ट के मुताबिक बिल में यह भी प्रावधान है कि जिन एनजीओ का पंजीकरण रद्द, सरेंडर या समाप्त हो जाता है, उनकी विदेशी फंडिंग और संपत्तियों के प्रबंधन और निपटान के लिए एक नामित प्राधिकरण बनाया जा सकता है। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल एफसीआरए ईसाइयों, अल्पसंख्यकों और एनजीओ के खिलाफ टारगेटेड कानून है। जो एनजीओ भारत के लोगों के लिए अच्छा काम कर रहे हैं, इस कानून के जरिए उन्हें सजा दी जा रही है। यह बिल असंवैधानिक है और अल्पसंख्यकों के खिलाफ है।

वहीं कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम ने कहा कि यह सरकार कानूनों को हथियार की तरह इस्तेमाल करने की आदी है, ताकि समाज की विरोधी आवाजों को दबाया जा सके। जिस तरह पीएमएलए का इस्तेमाल किया गया, उसी तरह एफसीआरए को भी हथियार बनाया जा रहा है।

### मुख्यमंत्री ने राज्यस्तरीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम-2026 का किया शुभारंभ

# शासकीय स्कूलों के प्रति अभिभावकों और बच्चों का बढ़ा आकर्षण : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## शासकीय विद्यालयों के नामांकन में 32.4 प्रतिशत की वृद्धि सशक्त हो रहे भरोसे का परिचायक वर्तमान शैक्षणिक सत्र में 1 करोड़ 45 लाख विद्यार्थियों के नामांकन का है लक्ष्य







भोपाल (ए.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि देश के विकास के लिए राज्य सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में कदम से कदम मिलाकर चल रही है। प्रदेश में 1 से 4 अप्रैल तक स्कूल चले हम अभियान चलेगा और बच्चों को स्कूलों में प्रवेश दिया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शासकीय स्कूलों में ड्रॉप आउट की संख्या शून्य करने पर स्कूल शिक्षा विभाग को बधाई दी। उन्होंने कहा कि शासकीय स्कूलों में कक्षा 1, 6 और 9 में प्रवेश प्रक्रिया को सरल बनाया गया है, जिससे वर्ष 2025-26 में कुल नामांकन में 19.6 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। प्रदेश के शासकीय विद्यालयों में भी 32.4 प्रतिशत की प्रगति दर्ज की गई है। यह शासकीय स्कूलों पर बढ़ते विश्वास का परिचायक है। राज्य सरकार ने मौजूदा सत्र में स्कूलों में 1 करोड़ 45 लाख नामांकन करने का लक्ष्य रखा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में 369 भव्य सांदीपनि विद्यालयों की शुरुआत की गई है, जो देश में सबसे अच्छे स्कूल हैं। मध्यप्रदेश के सांदीपनि विद्यालयों में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं। पीएमश्री स्कूल भी आधुनिक शिक्षा व्यवस्था में महती भूमिका निभा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भोपाल में राज्य स्तरीय प्रवशोत्सव कार्यक्रम-2026 के शुभारंभ समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अवसर पर बच्चों को निःशुल्क साइकिलें और पाठ्य पुस्तकें वितरित कीं एवं उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। अभिवादनमुख्यमंत्री डॉ. यादव के आगमन पर विद्यार्थियों ने साइकिल की घंटियां बजाकर और स्काउट गाइड दल ने वाद्य यंत्रों पर सुमधुर धुनों के साथ उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समारोह में शामिल विद्यार्थियों पर पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अटल टिंकलिंग लैब, रोबोटिक लैब, व्यावसायिक शिक्षा और आईसीटी लैब के स्टॉल का अवलोकन किया। इस अवसर पर स्कूल चले हम अभियान पर केंद्रित एक लघु फिल्म का प्रदर्शन भी हुआ। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के साथ नि:शुल्क साइकिल प्राप्त करने वाले स्कूली बच्चों का ग्रुप फोटो भी लिया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का अभिवादन किया।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि स्कूल चले हम अभियान बच्चों को शिक्षा से जोड़ने का एक अभिनव प्रयास है।

## महीने के पहले दिन ही महंगाई का झटका, LPG सिलिंडर की कीमत में 195.50 रुपये की बढ़ोतरी



नई दिल्ली (ए.)। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच सरकारी तेल कंपनियों ने बुधवार को कमर्शियल एलपीजी सिलिंडर के दाम में 195.50 रुपये की बढ़ोतरी कर दी है। यह बढ़ोतरी 19 किलोग्राम वाले वाणिज्यिक सिलिंडर पर लागू की गई है। हालांकि, घरेलू एलपीजी सिलिंडर की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है।नई दरें लागू होने के बाद दिल्ली में 19 किलोग्राम के कमर्शियल एलपीजी सिलिंडर की कीमत बढ़कर 2,078.50 रुपये हो गई है। इससे पहले एक मार्च को भी इस श्रेणी के सिलिंडर पर 114.50 रुपये की वृद्धि की गई थी। वहीं, घरेलू उपयोग के लिए 14.2 किलोग्राम के एलपीजी सिलिंडर की कीमत में आखिरी बार 7 मार्च को 60 रुपये की बढ़ोतरी की गई थी। वर्तमान में दिल्ली में यह सिलिंडर 913 रुपये में उपलब्ध है।सरकारी स्वामित्व वाली तेल कंपनियां—इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम—हर महीने की पहली तारीख को अंतरराष्ट्रीय बाजार के बेंचमार्क और विनिमय दर के आधार पर एलपीजी और विमानन टरबाइन ईंधन (ATF) की कीमतों की समीक्षा करती हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में लगभग 50 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी हुई है, जिसका सीधा असर एलपीजी के दामों पर पड़ा है।

## प्रियंका गांधी ने असम में डबल-इंजन सरकार पर कसा तंज, दोहरी गुलामी वाला मॉडल बताया

गुवाहाटी(आरएनएस)। कांग्रेस की वरिष्ठ नेता और लोकसभा सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने बुधवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर तीखा हमला बोला। उन्होंने डबल-इंजन सरकार पर तंज कसते हुए इसे दोहरी गुलामी वाला मॉडल बताया है। उन्होंने आरोप लगाया कि मौजूदा सरकार शासन के दोहरी गुलामी वाले मॉडल का प्रतिनिधित्व करता है, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा एक ऊंचे-नीचे कंट्रोल चेन में काम कर रहे हैं। प्रियंका गांधी ने नजीरा में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए दावा किया कि प्रधानमंत्री अमेरिका के प्रभाव में काम करते हैं, जबकि मुख्यमंत्री सरमा बदले में पीएम मोदी के निर्देशों का पालन करते हैं। यह कोई डबल-इंजन सरकार नहीं है जैसा वे दावा करते हैं, बल्कि यह एक दोहरी गुलामी वाली सरकार है।उन्होंने भाजपा के नेतृत्व वाली राज्य सरकार पर असम के लोगों की भलाई के बजाय बड़े उद्योगपतियों के हितों को प्राथमिकता देने का भी आरोप लगाया।



## चंडीगढ़ में भाजपा मुख्यालय के बाहर जोरदार धमाका, दूर तक सुनी गई आवाज

चंडीगढ़(आरएनएस)। पंजाब और हरियाणा की राजधानी चंडीगढ़ में बुधवार दोपहर को जोरदार धमाका हुआ है, जिससे हड़कंप मच गया। यह धमाका सेक्टर-37 स्थित भाजपा मुख्यालय के बाहर हुआ है। धमाके में अभी तक किसी के घायल होने या हताहत होने की खबर नहीं है। हालांकि, कुछ वाहनों को नुकसान पहुंचा है। बताया जा रहा है कि धमाके की आवाज काफी दूर तक सुनाई दी है। फिलहाल, पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई है। पुलिस अधिकारियों ने बताया भाजपा दफ्तर के बाहर एक स्कूटी खड़ी थी, जिसमें धमाका हुआ है।


## 'हम मरना नहीं चाहते, प्लीज बचा लो', समंदर में फंसी 20 हजार जिंदगियां, दाने-दाने को तरसे नाविक

नई दिल्ली (आरएनएस)। मिडिल ईस्ट में पिछले एक महीने से भड़की जंग अब समंदर में भयानक कोहराम मचा रही है। होर्मुज जलडमरूमध्य और उसके आसपास के इलाके में करीब 3000 वाणिज्यिक जहाज फंस गए हैं, जिन पर 20 हजार से ज्यादा नाविक सवार हैं। इन नाविकों की जान हर पल सांसत में है और उनके सिर पर मौत की तलवार लटक रही है। जहाजों पर ताजा खाना और पीने का पानी या तो खत्म हो चुका है या बिल्कुल खत्म होने की कगार पर है। खौफ के साये में जी रहे ये नाविक लगातार हेल्पलाइन संस्थाओं से संपर्क कर मदद की गुहार लगा रहे हैं। हालात इतने गंभीर हैं कि मदद के लिए आ रहे संदेशों की बाढ़ ने समुद्री हेल्पलाइन टीमों को भी बेबस कर दिया है।इंटरनेशनल ट्रांसपोर्ट वर्कर्स एसोसिएशन (ITF) की सपोर्ट टीम को समंदर से दिल दहला देने वाले संदेश और वीडियो मिल रहे हैं। नाविक युद्ध क्षेत्र से अपने जहाजों के पास गिरते बमों के वीडियो भेजकर किसी भी तरह वहां से निकालने की मिन्नतें कर रहे हैं। अरब और ईरान के लिए ITF के नेटवर्क कोऑर्डिनेटर मोहम्मद अरराचेदी ने बताया कि नाविकों को समंदर में जैसे ही इंटरनेट मिलता है, वे रात के दो या तीन बजे भी फोन कर देते हैं।



# देश की पहली डिजिटल जनगणना से शुरू, 33 सवाल पूछे जाएंगे

## मैदान में उतरेंगे 30 लाख कर्मचारी



नईदिल्ली, (आरएनएस)। भारत की पहली डिजिटल जनगणना 2027 का पहला चरण 1 अप्रैल से शुरू हो गया है। यह 30 सितंबर 2026 तक चलेगा। पहले चरण में हाउस लिस्टिंग यानी मकानों की गिनती की जाएगी। यह जनगणना साल 2021 में होनी थी, लेकिन कोरोना वायरस महामारी के कारण अब की जा रही है। यह दुनिया की सबसे बड़ी और भारत की पहली पूरी तरह से डिजिटल जनगणना होने जा रही है। आइए इससे जुड़ी अहम बातें जानते हैं।

जनगणना 2 चरणों में की जाएगी। पहले चरण में घरों की लिस्ट बनाने (हाउसलिस्टिंग) और आवास (हाउसिंग) जनगणना होगी। इसे अप्रैल से सितंबर 2026 के बीच किया जाएगा। वहीं, दूसरे चरण में जनसंख्या गणना फरवरी 2027 में की जाएगी। इसमें लोगों से जाति पूछी जाएगी। आजादी के बाद पहली बार जाति की जानकारी जुटाई जाएगी। पहली बार हर घर की लोकेशन डिजिटल मैप पर दर्ज होगी। ये भविष्य की योजनाओं और आपदा की स्थिति में काम आएगा।

लगभग 30 लाख कर्मचारी जनगणना में जुटेंगे। जानकारी जुटाने के लिए मोबाइल ऐप और मॉनिटरिंग के लिए केंद्रीय पोर्टल का इस्तेमाल किया जाएगा। इस दौरान हर घर तक पहुंचना और हाउसिंग तथा जनसंख्या गणना के लिए अलग-अलग प्रश्नावली भरी जाएगी। पहली बार मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से जनगणना होगी। पूरी प्रक्रिया की वास्तविक समय में निगरानी के लिए सेंसस मैनेजमेंट एंड मॉनिटरिंग सिस्टम भी बनाया गया है। इसके अलावा प्रभारी अधिकारी एचएलबी क्रिएटर वेब मैप एप्लिकेशन का इस्तेमाल करेंगे।

## अंधड़-बारिश और ओलावृष्टि से होगी अप्रैल की शुरुआत, कई राज्यों के लिए अलर्ट जारी

नईदिल्ली,(आरएनएस)। देश के कई राज्यों में बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि का दौर अभी कुछ दिन और चल सकता है। इससे लोगों अभी लू के थपेड़े नहीं झेलने पड़ रहे हैं। इससे खेतों में खड़ी फसल बर्बाद हो रही है। भारतीय मौसम विभाग के अनुसार, उत्तर पाकिस्तान और जम्मू क्षेत्र के ऊपर सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के साथ कुछ राज्यों में चक्रवात के कारण मौसम अस्थिर बना हुआ है। बुधवार को 19 राज्यों में अंधड़ और बारिश होने की संभावना है। उत्तर प्रदेश में 1-3 अप्रैल तक बेमौसम की बारिश और ओलावृष्टि का दौर जारी रहने का अनुमान है। आज सुबह लखनऊ, अमेठी समेत 10 शहरों में बारिश हुई, जबकि पिछले 24 घंटे में मथुरा, जालौन और कन्नौज में ओले गिरे हैं। मध्य प्रदेश में 1-4 अप्रैल तक आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया है, वहीं बिहार और झारखंड़ में भी ऐसा ही मौसम रहेगा। राजस्थान में 2 अप्रैल से नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने के कारण मौसम में बड़ा बदलाव दिखेगा।








# कंबाइन हार्वेस्टरों को मिलेगी टोल से छूट : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## इंदौर-उज्जैन तथा उज्जैन-जावरा ग्रीन फील्ड मार्ग निर्माण को मिला अनुमोदन

## पश्चिम भोपाल बायपास का परिवर्तित एलाइनमेंट अनुमोदित



भोपाल( निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य सरकार किसान कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। किसान कल्याण वर्ष 2026 में समृद्ध किसान-समृद्ध प्रदेश के विचार को सार्थक करते हुए किसान हित में अनेक निर्णय लिए जा रहे हैं। अब कृषि प्रयोजन के लिए उपयोग किये जाने वाले कंबाइन हार्वेस्टरों को मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम के टोल प्लाजा पर शुल्क संग्रहण से छूट रहेगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि फसल कटाई में प्रयुक्त होने वाला कंबाइन हार्वेस्टर आवश्यक कृषि उपकरण है। टोल मार्गों पर टोल छूट दिए जाने से हार्वेस्टर की परिवहन लागत में कमी आएगी। जिसका सकारात्मक प्रभाव कृषि उपज के मूल्य पर होगा, यह निर्णय कृषकों के लिए हितकर सिद्ध होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह निर्देश मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम के संचालक मंडल की बैठक में दिए। समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में आयोजित बैठक में लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, मुख्य सचिव अनुराग जैन उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में हुई संचालक मंडल की बैठक में इंदौर-उज्जैन ग्रीन फील्ड मार्ग और उज्जैन-जावरा ग्रीन फील्ड मार्ग के नॉन एक्सेस कंट्रोल परियोजना के रूप में निर्माण को अनुमोदन प्रदान किया गया। संचालक मंडल ने पश्चिम भोपाल बायपास के परिवर्तित एलाइनमेंट को अनुमोदन प्रदान कर निर्माण की सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की। बैठक में वार्षिक लेखों तथा अन्य प्रबंधकीय विषयों पर विचार-विमर्श हुआ तथा निर्णय लिए गए। बैठक में अपर मुख्य सचिव संजय दुबे, मनीष रस्तोगी, प्रमुख सचिव लोक निर्माण सुखबीर सिंह, प्रमुख सचिव वन संदीप यादव तथा प्रबंध संचालक मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम भरत यादव उपस्थित थे।



मुख्य सचिव अनुराग जैन की उपस्थिति में माह के प्रथम दिवस मंत्रालय स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल उद्यान में वंदे मातरम और जनगणमन का सामुहिक गान हुआ

# प्रदेश में पेट्रोलियम पदार्थों की पर्याप्त उपलब्धता, अफवाहों से बचें : खाद्य मंत्री श्री राजपूत

### 3029 एलपीजी सिलेण्डर जब्त और 9 मामलों में एफआईआर की गई दर्ज



भोपाल( निप्र)। प्रदेश में पेट्रोलियम पदार्थों की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है। भारत में कच्चे तेल (Crude Oil) का पर्याप्त भंडार उपलब्ध होने के कारण देश और प्रदेश की सभी रिफाइनरियां पूरी क्षमता के साथ कार्य कर रही हैं, जिससे पेट्रोलियम उत्पादों की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित हो रही है। मध्यप्रदेश में एलपीजी, पेट्रोल, डीजल, पीएनजी और सीएनजी का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और सप्लाई में किसी प्रकार की रुकावट नहीं है। श्री राजपूत ने अपील की है कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें तथा घबराहट में खरीदारी (पैनिक बाइंग) से बचें।

**कालाबाजारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई**

प्रदेश में आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत एलपीजी की कालाबाजारी रोकने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। अब तक 2215 स्थानों पर जांच की गई है, जिसमें 3029 एलपीजी सिलेंडर जब्त किए गए हैं और 9 मामलों में एफआईआर दर्ज की गई है। इसके अलावा 544 पेट्रोल पंपों की जांच भी की गई, जिनमें 2 मामलों में प्रकरण दर्ज कर एफआईआर दर्ज की गई है। जिला आपूर्ति अधिकारियों और ऑयल कंपनियों के अधिकारियों को पेट्रोल पंपों की नियमित जांच के निर्देश दिए गए हैं।

घरेलू गैस उपभोक्ताओं द्वारा की गई बुकिंग के अनुरूप सिलेंडरों की आपूर्ति नियमित रूप से की जा रही है। वाणिज्यिक उपभोक्ताओं को भी शासन द्वारा निर्धारित प्राथमिकता क्रम के अनुसार कमर्शियल गैस सिलेंडरों की सतत आपूर्ति की जा रही है। उपभोक्ताओं की मांग को देखते हुए गैस बॉटलिंग प्लांट अतिरिक्त समय तक कार्य कर रहे हैं। प्रदेश के विभिन्न जिलों में स्थित प्लांट और वितरकों के स्टॉक की निरंतर समीक्षा की जा रही है।

**पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति सुचारु**

प्रदेश में सभी ऑयल कंपनियों के पास पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। पेट्रोल पंपों पर किसी प्रकार की कमी नहीं है और कंपनियों के डिपो से नियमित रूप से आपूर्ति जारी है।

# पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने 13 हजार 376 करोड़ का राजस्व संग्रहण किया

भोपाल( निप्र)। मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में 13 हजार 376 करोड़ रूपए का नगद राजस्व संग्रहण किया। यह पिछले वित्तीय वर्ष से चार सौ करोड़ रूपए ज्यादा है। कंपनी के प्रबंध निदेशक अनूप कुमार सिंह ने बताया कि ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के निर्देश पर मार्च 2026 में राजस्व संग्रहण के लिए मालवा निमाड़ के इंदौर सहित 15 जिलों में बिजली देयकों की वसूली के लिए महा-अभियान संचालित किया, मार्च के पहले दो सप्ताह में पांच से छः हजार एवं अंतिम सप्ताह में करीब 10 हजार कार्मिकों ने राजस्व जुटाने के लिए हर संभव कोशिश की। कार्मिकों ने उपभोक्ताओं के घर, दुकान, खेत, खलिहान, बाजार, हाट बाजार, पंचायत भवन इत्यादि तक पहुंचकर बिल राशि राजस्व रूप में जमा कराने के लिए विशेष प्रयास किए। इसी कारण मार्च में करीब तीस लाख उपभोक्ताओं से बिजली बिलों की वसूली की गई। यह करीब 1410 करोड़ रूपए रही। वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान बारह माह का नकद राजस्व संग्रहण 13 हजार 376 करोड़ रूपए रहा।

# मध्यप्रदेश पुलिस की वाहन चोरों पर प्रभावी कार्यवाही




## विगत एक माह में 109 चोरी किए गए दोपहिया वाहन बरामद

भोपाल( निप्र)। मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा प्रदेश में वाहन चोरी पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने हेतु लगातार सख्त एवं सुनियोजित कार्यवाहियां की जा रही हैं। इसी क्रम में विगत एक माह में प्रदेश के विभिन्न जिलों में पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए वाहन चोरों के गिरोहों का पर्दाफाश करते हुए 109 चोरी किए गए दोपहिया वाहन बरामद किए हैं।

जबलपुर

थाना माढोताल पुलिस ने अंतर्राज्यीय वाहन चोर एवं वाहन काटने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए जबलपुर एवं रायपुर (छत्तीसगढ़) से चोरी किए गए 15 वाहन जप्त किए। इसी प्रकार थाना लाडगंज पुलिस ने 2 शातिर आरोपियों को गिरफ्तार कर 12 वाहन बरामद किए, जबकि थाना पाटन पुलिस द्वारा एक आरोपी को गिरफ्तार कर 7 दोपहिया वाहन जप्त किए गए। इस प्रकार तीनों कार्यवाहियों में पुलिस ने चोरी किए गए 34 दुपहिया वाहन बरामद किए हैं।

राजगढ़

थाना ब्यावरा सिटी पुलिस ने अंतरजिला मोटरसाइकिल चोरी गिरोह का पर्दाफाश कर 2 आरोपियों से 15 मोटरसाइकिलें जप्त कीं। वहीं थाना सुठालिया पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 10 चोरी की गई मोटरसाइकिलें बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया। इस प्रकार दोनों कार्यवाहियों में पुलिस ने चोरी किए गए कुल 25 वाहन बरामद किए हैं।

रतलाम

रतलाम पुलिस ने वाहन चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 09 मोटरसाइकिलें बरामद कीं। इस कार्रवाई में 1 मुख्य आरोपी एवं 3 बाल अपचारियों को पकड़ा।वहीं थाना स्टेशन रोड पुलिस ने भी 4 मोटरसाइकिलें बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया। इस प्रकार कुल 13 मोटरसाइकिलें बरामद की गई।

अन्य जिलों में भी की गई कार्यवाही

बैतूल जिले में भैंसदेही पुलिस द्वारा अंतर्राज्यीय वाहन चोरो को गिरफ्तार कर 10 मोटरसाइकिलें, खरगोन पुलिस ने 7 मोटरसाइकिल, ग्वालियर जिले में 5 वाहन, गुना जिले में त्वरित कार्रवाई करते हुए 4 मोटरसाइकिलें, शिवपुरी जिले में 4,मंदसौर जिले में 3 मोटरसाइकिलें तथा शाजापुर एवं कटनी जिलों में 2-2 मोटरसाइकिल बरामद कर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इन सभी कार्यवाहियों में पुलिस की तत्परता, तकनीकी साक्ष्यों का उपयोग एवं प्रभावी समन्वय प्रमुख रूप से सामने आया है। मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा वाहन चोरी जैसे अपराधों पर नियंत्रण हेतु सतत अभियान जारी है तथा भविष्य में भी इसी प्रकार सख्त कार्रवाई जारी रखी जाएगी।

# मप्र में श्रमिकों के वेतन में बढ़ोतरी, एक अप्रैल से नई दरें लागू

भोपाल, (निप्र.)। मध्य प्रदेश के करीब 50 लाख श्रमिकों के वेतन में नए वित्त वर्ष से बढ़ोतरी की गई है। श्रम विभाग मंगलवार को इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। बुधवार, 1 अप्रैल से नई न्यूनतम वेतन दरें लागू कर दी हैं।जारी आदेश के अनुसार, परिवर्तनशील महंगाई भत्ते के कारण श्रमिकों के वेतन में औसतन नौ रुपये प्रतिदिन यानी करीब 234 रुपये मासिक की बढ़ोतरी हुई है। इसका फायदा सरकारी विभागों के करीब 10 लाख और निजी सेक्टर व उद्योगों के लगभग 40 लाख श्रमिकों को मिलेगा। श्रमायुक्त तन्वी हुड्डा द्वारा जारी आदेश के अनुसार, जुलाई-दिसंबर 2025 के औसत महंगाई सूचकांक में वृद्धि के चलते यह संशोधन किया गया है। नई दरें न्यूनतम वेतन अधिनियम, 1948 के तहत 67 श्रेणियों के श्रमिकों पर लागू होंगी।आउटसोर्स कर्मचारी संघ के प्रांताध्यक्ष वासुदेव शर्मा ने कहा कि कर्मचारियों को केंद्र के समान करीब 26 हजार रुपये मासिक वेतन की उम्मीद थी, लेकिन नई दरों में सीमित बढ़ोतरी से निराशा हुई है।

# निजी विद्यालयों में निःशुल्क प्रवेश के लिए ऑनलाइन लॉटरी गुरुवार को

## राज्य शिक्षा केन्द्र के आरटीई पोर्टल पर मिलेगी आवंटित शाला की जानकारी




भोपाल, (निप्र.)। राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा गुरुवार दोपहर 2 बजे निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत अशासकीय स्कूलों में निःशुल्क प्रवेश के लिए ऑनलाइन लॉटरी निकाली जाएगी, जिसका सीधा प्रसारण राज्य शिक्षा केन्द्र के यूट्यूब चैनल पर किया जाएगा।आवेदक दोपहर 2:15 बजे के बाद बच्चों को आवंटित शाला की जानकारी आरटीई पोर्टल www.rteportal.mp.gov.in पर देख सकेंगे। साथ ही आवंटन पत्र भी डाउनलोड कर सकेंगे। इसके साथ ही आवेदकों के पंजीकृत मोबाइल नंबर पर एसएमएस के माध्यम से जानकारी भेजी जायेगी। शिक्षा का अधिकार अधिनियम की धारा 12(1)(C) के अंतर्गत, गैर अनुदान प्राप्त अशासकीय विद्यालयों में, वंचित समूह एवं कमजोर वर्ग के बच्चों को कक्षा-1 या प्री-स्कूल की प्रथम प्रवेशित कक्षा में न्यूनतम 25 प्रतिशत सीटों पर निःशुल्क प्रवेश का प्रावधान है। इसके लिए मध्यप्रदेश में पूर्णतः पारदर्शी प्रक्रिया अंतर्गत आवेदन एवं शाला आवंटन ऑनलाइन तरीके से किया जाता है। इस वर्ष दस्तावेज सत्यापन उपरांत ऑनलाइन लॉटरी के लिए लगभग 1 लाख 78 हज़ार 714 बच्चे ऑनलाइन लॉटरी प्रक्रिया के लिए पात्र हुये हैं।

**1 लाख 22 हजार 551 सीटों पर मिलेगा प्रवेश**

ऑनलाइन लॉटरी द्वारा चयनित बच्चों को इस वर्ष प्रदेश के पात्र लगभग 22 हज़ार निजी विद्यालयों की 1 लाख 22 हज़ार 551 सीटों पर प्रवेश मिलेगा। ऑनलाइन लॉटरी में शाला आवंटन के बाद चयनित बच्चों के अभिभावकों के द्वारा 3 से 15 अप्रैल 2026 के मध्य उन्हें आवंटित शालाओं में जाकर अपने बच्चों का निःशुल्क प्रवेश कराया जा सकेगा।

# मानसून पूर्व मेंटिनेंस कार्यों का एसई और सीई करें निरीक्षण : ऊर्जा मंत्री श्री तोमर

### मंत्री श्री तोमर ने की विभागीय कार्यों की समीक्षा



भोपाल (ए.)। मानसून पूर्व वितरण ट्रांसफार्मर एवं विद्युत लाईनों के मेंटिनेंस कार्यों का निरीक्षण एसई और सीई नियमित रूप से करें। बेहतर मेंटिनेंस होने पर ट्रिपिंग की समस्या दूर होगी। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने यह निर्देश बुधवार को मंत्रालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से विभागीय योजनाओं की समीक्षा के दौरान दिये। उन्होंने कहा कि मेंटिनेंस के दौरान गुणवत्तापूर्ण सामग्री का उपयोग करें। सामग्री के उपयोग से पहले उसका लैब में परीक्षण भी होना चाहिए। मंत्री श्री तोमर ने कहा कि समाधान योजना की अवधि 15 मई तक बढ़ा दी गई है। सभी बड़े एवं छोटे बकायदारों से व्यक्तिगत रूप से संपर्क कर योजनांतर्गत वसूली की कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि पहले बड़े बकायदारों से वसूली की कार्यवाही करें। वसूली की कार्यवाही अप्रैल माह से ही प्रारंभ कर दें। इस संबंध में क्षेत्रीय विधायक एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों से भी चर्चा करें। गलत बिजली बिलों में सुधार तुरंत होना चाहिए। जहां पर स्टाफ की ज्यादा कमी है, वहां पर सेवानिवृत्त कर्मचारियों की सेवाएं लेने की कार्ययोजना बनाएं। मंत्री श्री तोमर ने कहा कि आगामी सीजन में मूंग की फसल को ध्यान में रखते हुए पॉवर ट्रांसफार्मर पर ओवरलोडिंग एवं विद्युत की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करें। बैठक में सचिव ऊर्जा विशेष गढ़पाले एवं ओएसडी विजय गौर एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।




*राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने मण्डला जिले ग्राम कन्हारी कला में मुख्यमंत्री दुधारू पशु प्रदाय योजना एवं सिकल सेल स्वास्थ्य शिविर में हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किये।*

# कलेक्टर ने देखी जिला अस्पताल की सेवाएं, एम्स के सहयोग से स्वास्थ्य सेवाओं के उन्नयन के दिए निर्देश

भोपाल (निप्र)। बुधवार को कलेक्टर भोपाल कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने जयप्रकाश जिला चिकित्सालय की चिकित्सा सेवाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान चिकित्सकों और मरीजों से बातचीत कर स्वास्थ्य सेवाओं का फीडबैक लिया गया।इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ. मनीष शर्मा, सिविल सर्जन डॉ. संजय जैन,आरएमओ डॉ. प्रेमेंद्र शर्मा उपस्थित रहे। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिला चिकित्सालय की सेवाओं को सतत रूप से बेहतर करने के लिए अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के सहयोग से चिकित्सकों और पैरामेडिकल स्टाफ के ज्ञान और तकनीकी कौशल का उन्नयन किया जाए। इसके लिए एम्स के विषय विशेषज्ञों के सहयोग से विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की जावे। इलाज की गुणवत्ता के साथ - साथ स्टाफ का मरीजों से संवाद और व्यवहार भी अच्छा हो। अस्पताल में पार्किंग टेंडर में विलंब पर नाराजगी जाहिर करते हुए जल्द से जल्द प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए गए। इस सम्बन्ध में सिविल सर्जन द्वारा अवगत करवाया गया कि निविदा की प्रक्रिया की जा रही है और इसे जल्द ही पूरा किया जाएगा। श्री सिंह ने अस्पताल के नवीन भवन में शेष रह गए कार्यों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से करवाने के निर्देश दिए। साथ ही सभी पेंडिंग कार्यों को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने के लिए कहा गया। उन्होंने कहा कि नए भवन के साथ ही अस्पताल में नवीन चिकित्सा सेवाओं को भी शुरू करने के प्रयास किए जाएं।



# इंदौर जिले में नए शैक्षणिक सत्र का आगाज़

## – स्कूल चले हम अभियान के तहत प्रवेशोत्सव आयोजित; जल संसाधन मंत्री सिलावट और विधायक गौड़ ने बांटीं पाठ्य सामग्रियां



इंदौर (ए.)। इंदौर जिले में बुधवार से नए शैक्षणिक सत्र 2026-27 का विधिवत शुभारंभ हुआ। स्कूल चले हम अभियान के अंतर्गत पहले दिन विद्यालय पहुँचे नव-प्रवेशित और अन्य विद्यार्थियों का तिलक लगाकर और पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम महू नाका स्थित सांदीपनी नवीन मालवा कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्रवेश उत्सव के रूप में संपन्न हुआ, जिसमें जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भोपाल से वर्चुअल माध्यम से जुड़े और प्रवेश उत्सव को संबोधित करते हुए प्रदेश के विद्यार्थियों को नए सत्र की शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने शिक्षा के क्षेत्र में हो रही प्रगति और अभियान के उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

**शिक्षा ही समाज में परिवर्तन का आधार : मंत्री सिलावट**

समारोह को संबोधित करते हुए जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने कहा कि शिक्षा ही समाज में सकारात्मक बदलाव का प्रमुख आधार है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में नई शिक्षा नीति एक बड़ी क्रांति लेकर आई है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का संकल्प प्रदेश को शिक्षा, स्वास्थ्य और स्वच्छता में नंबर वन बनाना है। मंत्री सिलावट ने विद्यार्थियों को नियमित स्कूल आने और अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाने के लिए प्रेरित किया।

**नवाचारों से सुदृढ़ होगा देश का भविष्य : विधायक मालिनी गौड़**

क्षेत्रीय विधायक मालिनी लक्ष्मण सिंह गौड़ ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रदेश शासन द्वारा शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार हेतु आधुनिक तकनीकों और नवाचारों को बढ़ावा दिया जा रहा है। इससे विद्यार्थियों को बेहतर अवसर प्राप्त हो रहे हैं और यही विद्यार्थी आगे चलकर देश को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे।

**4 अप्रैल तक चलेगा विशेष अभियान**

कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने छात्राओं को पाठ्य पुस्तकें, स्कूल बैग, टिफिन और पानी की बोतलें वितरित कीं। जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. शांता भार्गव स्वामी ने बताया कि स्कूल चले हम अभियान 1 अप्रैल से 4 अप्रैल तक संचालित किया जाएगा, जिसका मुख्य लक्ष्य जिले के अधिक से अधिक बच्चों का विद्यालयों में नामांकन सुनिश्चित करना है।

इस गरिमामय कार्यक्रम में कलेक्टर शिवम वर्मा, जिला पंचायत सीईओ सिद्धार्थ जैन सहित अन्य जनप्रतिनिधि और शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## ट्रांसको के 2 इंजीनियर सेवानिवृत्त

जबलपुर(ए.)। मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) के सिविल संकाय के विशेषज्ञ अतिरिक्त मुख्य अभियंता के पद से अजय पांडे 43 वर्षों की सेवा के उपरांत एवं अधीक्षण अभियंता अमर सिंह 36 वर्षों की सेवा उपरांत सेवानिवृत्त हुए। दोनों इंजीनियरों ने मध्य प्रदेश विद्युत मंडल, मध्य प्रदेश राज्य विद्युत मंडल एवं मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी में विभिन्न पदों पर कार्य किया। शक्ति भवन के बोर्ड रूम में आयोजित विदाई समारोह में कंपनी के प्रबंध संचालक सुनील तिवारी,मुख्यालय स्थित सभी वरिष्ठ अधिकारी एवं सेवानिवृत अधिकारियो के परिजन उपस्थित रहे।



राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने मण्डला जिले ग्राम कन्हारी कला में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टॉलों का अवलोकन किया

# पूर्व केन्द्रीय कृषि राज्यमंत्री अरुण यादव ने कहा- किसान विरोधी है भाजपा सरकार

## - मप्र के कृषि मंत्री रहे विधायक सचिन यादव ने कहा- मप्र में तहस नहस किये गये सहकारी आंदोलन को करेंगें पुनर्जीवित



खरगोन (ए.)। पूर्व केन्द्रीय कृषि राज्यमंत्री अरूण यादव ने अपने पिता पूर्व उपमुख्यमंत्री स्व. सुभाष यादव के 80 वें जन्मदिवस पर अपने गृहग्राम बोरावां में श्रद्धांजलि सभा में पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कहा कि बाबूजी स्व. सुभाष यादव ने निमाड़ के खेतों में सिंचाई के लिए नर्मदा का पानी पहुॅचाकर और सहकारी आंदोलन के माध्यम से किसानों को आत्मनिर्भर और निमाड़ अंचल को समृद्धशाली बनाया है । उन्होनें आरोप लगाया कि भाजपा की सरकार किसान विरोधी है । आज किसान अपनी उपज गेंहूॅ, चना, मक्का, सरसों और अन्य को समय पर समर्थन मूल्य पर खरीदी नहीं होने के कारण औने-पौने दाम पर बेचने पर मजबूर है । भाजपा के राज में किसानों को उनकी उपज का कभी भी सही दाम नहीं मिला । किसानां की उपज को खरीदी करने के समय भाजपा सरकार का रवैया हमेशा गोलमाल और किसान विरोधी रहता है । मैं और मेरा पूरा परिवार किसानों को उनका हक दिलाने और पर्याप्त समर्थन मूल्य दिलाने की लड़ाई लड़ते रहेंगें ।

इस अवसर पर मप्र के कृषि मंत्री रहे कसरावद के विधायक और स्व. सुभाष यादव के छोटे सुपुत्र सचिन यादव ने अपने पिताश्री का पुण्य स्मरण करते हुए कहा कि श्रद्धेय बाबूजी द्वारा मप्र में खड़े किये गये सहकारी आंदोलन को भाजपा की सरकार ने तहस नहस कर दिया है । उनके जन्मदिवस पर हम संकल्प लेते हैं कि सहकारी आंदोलन को मप्र में पुनर्जीवित करेंगें । विशेष रूप से उपस्थित कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय सचिव सत्यनारायण पटेल ने कहा कि सुभाष यादव ने किसानों की इस धरती को ज्ञान, विज्ञान अनुसंधान, और सहकारिता का देश में प्रमुख केन्द्र बनाया है । उनके किसानों की समृद्धि और विकास के योगदान को युगों तक याद किया जाएगा । हरित क्रांति के अग्रदूत मप्र के पूर्व उपमुख्यमंत्री स्व. सुभाष यादव के 80 वें जन्मदिवस पर उनके गृहग्राम बोरावां में आज बुधवार 01 अप्रैल को निमाड़ , मालवा और प्रदेशवासियों ने उन्हें विनम्र पुष्पांजलि अर्पित की।

## प्लेटफॉर्म बदलने के लिए पटरी पार कर रही महिला की मालगाड़ी की चपेट में आने से मौत

अनूपपुर,(ए.)। मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिला मुख्यालय के रेलवे स्टेशन में मंगलवार की रात प्लेटफॉर्म बदलने के दौरान पटरी पार कर रही महिला की मालगाड़ी की चपेट में आने के बाद उपचार के दौरान मृत्यु हो गई।ज्ञात हो कि अनूपपुर रेलवे स्टेशन में में अमृत योजना के तहत निर्माण कार्य किया जा रहा हैं जिसमें एक प्लेटफॉर्म से दूसरे प्लेटफॉर्म पर जाने के लिए पहले से बने ओवरब्रिज को खराब बताकर तोड़ दिया गया था, जिसके बाद वह अब तक नहीं बन पाया हैं। जिससे लोग 1 प्लेटफॉर्म से दूसरे प्लेटफॉर्म में जाने के लिए लाईन पार कर जोखिम उठाते हुए पार करते हैं। वहीं रेलवे ने एक ओवरब्रिज बनाया जो स्टेशन के अंतिम छोर में होने से बुजुर्गो और महिलाओं परेशानी का सामना करना पड़ता हैं।जानकारी के अनुसार, मंगलवार की रात्रि 9 बजे के लगभग 47 वर्षीय हमीदा बेगम निवासी ग्राम पंचायत जामुडी, थाना अनूपपुर, प्रयागराज जाने के लिए टिकट लेकर प्लेटफॉर्म नंबर 1 से प्लेटफॉर्म नंबर 3/4 की ओर जा रही थीं। इसी दौरान पटरी पार करते समय वह अचानक मालगाड़ी की चपेट में आ गईं और गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना के बाद रेलवे पुलिस ने जिला चिकित्सालय अनूपपुर पहुंचाया, जहां उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि स्टेशन पर लंबे समय से पर्याप्त और सुरक्षित ओवरब्रिज सहित दक्षिण की तरफ टिकिट खिड़की की मांग की जा रही है।

# घोड़ाडोंगरी में 4 से 6 अप्रैल तक होगा तीन दिवसीय आदि महोत्सव का आयोजन

## कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने कार्यक्रम की समुचित तैयारी को लेकर दिए आवश्यक दिशा निर्देश

बैतूल (ए.)। वर्ष 2025-26 में स्वीकृत आदिरंग/आदि महोत्सव का आयोजन 4 से 6 अप्रैल तक विकासखंड मुख्यालय घोड़ाडोंगरी में किया जाएगा। कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने महोत्सव की सभी व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण करने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं।



उन्होंने कहा कि यह आयोजन जिले की जनजातीय संस्कृति, परंपरा और कला को प्रदर्शित करने का महत्वपूर्ण अवसर है, इसलिए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। महोत्सव के सुचारू संचालन के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व शाहपुर को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है , जबकि जनपद पंचायत घोड़ाडोंगरी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को सहायक नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग बैतूल को संपूर्ण आयोजन का प्रभारी एवं समन्वयक बनाया गया है, जो जिला पंचायत के मार्गदर्शन में सभी व्यवस्थाओं का संचालन करेंगे। आयोजन के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम, जनजातीय कला प्रदर्शनी, स्थानीय उत्पादों की प्रदर्शनी सहित विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

## स्कूल चलें हम अभियान शुरु, प्रवेश उत्सव में विद्यार्थियों का हुआ भव्य स्वागत

राजगढ़, (ए.)। मध्य प्रदेश के राजगढ़ जिले में शासकीय विद्यालयों में बुधवार को कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा स्कूल चलें हम अभियान की शुरुआत की गई। इस अवसर पर शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजगढ़ में प्रवेश उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों का स्वागत माला पहनाकर पुस्तकें एवं नि:शुल्क बैग वितरित कर किया गया। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने कार्यक्रम के दौरान कहा कि प्रवेश उत्सव बच्चों में शिक्षा के प्रति आकर्षण बढ़ाने का प्रभावी माध्यम है और पहला दिन उनके सीखने की यात्रा का उत्साह बढ़ाता है। कलेक्टर के नवाचार के अंतर्गत जिले में लगभग 12 हजार नि:शुल्क बैगों का वितरण किया गया। साथ ही नए विद्यार्थियों को जाति प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए।

# व्यापार समाचार

## पीटर एल्बर्स के झटके के बाद इंडिगो ने खेला बड़ा दांव, ब्रिटिश एयरवेज के पूर्व बॉस को सौंपी एयरलाइन की कमान

नई दिल्ली (ए.)। देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो (IndiGo) ने अपने नए मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) के नाम का बड़ा ऐलान कर दिया है। मंगलवार को कंपनी ने एविएशन इंडस्ट्री के दिग्गज और ब्रिटिश एयरवेज के पूर्व प्रमुख विलियम वॉल्श को अपना नया बॉस नियुक्त करने की आधिकारिक घोषणा की। इंडिगो के शीर्ष नेतृत्व में यह बड़ा फेरबदल एयरलाइन के पूर्व सीईओ पीटर एल्बर्स के अचानक पद छोड़ने के महज तीन हफ्ते से भी कम समय के भीतर किया गया है, जिसने एविएशन जगत में सबको चौंका दिया है।




**अगस्त के पहले हफ्ते में संभालेंगे इंडिगो की कमान**

विलियम वॉल्श, जिन्हें एविएशन सेक्टर में आमतौर पर 'विली' के नाम से जाना जाता है, वर्तमान में इंटरनेशनल एयर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन (IATA) के डायरेक्टर जनरल के अहम पद पर कार्यरत हैं। इंडिगो की ओर से जारी एक प्रेस रिलीज में यह स्पष्ट किया गया है कि IATA में वॉल्श का मौजूदा कार्यकाल 31 जुलाई को समाप्त हो रहा है। रेगुलेटरी मंजूरियां मिलने के बाद पूरी उम्मीद है कि वे 3 अगस्त तक या उससे पहले इंडिगो के नए सीईओ के रूप में अपना कार्यभार पूरी तरह से संभाल लेंगे।

**एविएशन इंडस्ट्री के मझे हुए खिलाड़ी हैं विलियम वॉल्श**

विलियम वॉल्श के पास वैश्विक एयरलाइन इंडस्ट्री को चलाने का एक लंबा और शानदार ट्रैक रिकॉर्ड है। इंडिगो जैसी बड़ी जिम्मेदारी संभालने से पहले वह ब्रिटिश एयरवेज और आईएजी (IAG) के सीईओ रह चुके हैं। आईएजी एक विशाल इंटरनेशनल होल्डिंग कंपनी है, जिसके बैनर तले एर लिंगस, ब्रिटिश एयरवेज, आइबेरिया, लेवल और व्यूलिंग जैसी कई नामी एयरलाइंस सफलतापूर्वक उड़ान भरती हैं। वॉल्श की इसी ग्लोबल प्रोफाइल और मैनेजमेंट स्किल को देखते हुए इंडिगो ने उन्हें अपना नेतृत्व सौंपने का यह अहम फैसला लिया है।

## आरबीआई का बड़ा कदम, रुपए में गिरावट और सट्टेबाजी रोकने के लिए बैंकों को दिया रोजाना लिमिट लागू करने का निर्देश

नई दिल्ली (ए.)। रुपए में गिरावट को रोकने और सट्टेबाजी (स्पेकुलेटिव ट्रेडिंग) पर लगाम लगाने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बैंकों को नया निर्देश दिया है।

आरबीआई ने अधिकृत डीलर के रूप में काम करने वाले बैंकों को कहा है कि वे दिन के अंत तक रुपए में अपनी ओपन पोजीशन को 100 मिलियन डॉलर तक सीमित रखें। यह कदम ऐसे समय उठाया गया है जब अमेरिकी-इजरायल और ईरान के बीच तनाव के कारण व्यापार घाटा बढ़ा है और रुपए पर दबाव बढ़ गया है। केंद्रीय बैंक ने कहा है कि सभी कमर्शियल बैंक इस रोजाना लिमिट को 10 अप्रैल तक लागू करें। साथ ही, जरूरत पड़ने पर बाजार की स्थिति के अनुसार यह लिमिट बदली भी जा सकती है।

विशेषज्ञों का कहना है कि अगर रुपए में गिरावट जारी रहती है तो आरबीआई आगे और भी सख्त कदम उठा सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि रुपए को सहारा देने के लिए आरबीआई ने अपने विदेशी मुद्रा भंडार (फॉरेक्स रिजर्व) का काफी इस्तेमाल किया है, जिससे उसकी हस्तक्षेप करने की क्षमता कुछ सीमित हो गई है।

# अदाणी पोर्ट्स की बड़ी उपलब्धि, पार किया 500 मिलियन टन कार्गो का ऐतिहासिक आंकड़ा



अहमदाबाद (ए.)। अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड (एपीएसईजेड) ने बुधवार को बताया कि उसने 500 मिलियन टन कार्गो हैंडलिंग का एक ऐतिहासिक आंकड़ा पार कर लिया है।

साल 1998 में एक पोर्ट के विजन से शुरू हुई यह कंपनी आज भारत और विदेशों में फैले 19 पोर्ट्स और टर्मिनल्स के नेटवर्क तक पहुंच चुकी है। एपीएसईजेड आज भारत के व्यापार, औद्योगिक विकास और वैश्विक प्रतिस्पर्धा को मजबूत करने में अहम भूमिका निभा रही है।

अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी ने कहा, पोर्ट्स सिर्फ व्यापार के गेटवे नहीं होते, बल्कि वे देश के आत्मविश्वास, प्रतिस्पर्धा और भविष्य के द्वार भी हैं। मैं अपने ग्राहकों, साझेदारों और एपीएसईजेड परिवार के प्रत्येक सदस्य का अभारी हूं, जिनके समर्पण और विश्वास ने इस उपलब्धि को संभव बनाया है। इसके साथ ही उन्होंने केंद्र और राज्य सरकारों का भी आभार जताया, जिनकी नीतियों और इंफ्रास्ट्रक्चर के प्रति प्रतिबद्धता ने एपीएसईजेड की मजबूत नींव तैयार की।

यह उपलब्धि कंपनी के विकास में एक अहम मील का पत्थर है और यह भारत में इंफ्रास्ट्रक्चर आधारित विकास की ताकत को भी दर्शाता है। यह केवल एक आंकड़ा नहीं, बल्कि एक मजबूत और आधुनिक लॉजिस्टिक्स प्लेटफॉर्म के निर्माण की कहानी है।

गौतम अदाणी ने कहा कि 500 मिलियन टन का आंकड़ा पार करना भारत की विकास यात्रा में कंपनी के लंबे भरोसे को दिखाता है। उन्होंने बताया कि एपीएसईजेड ने सिर्फ पोर्ट्स ही नहीं बनाए, बल्कि रेल, सड़क, ट्रकिंग, वेयरहाउस और कार्गो नेटवर्क के साथ एक मजबूत लॉजिस्टिक्स सिस्टम तैयार किया है। 500 मिलियन टन तक पहुंचने का सफर भी काफी खास रहा है। कंपनी को पहले 100 मिलियन टन तक पहुंचने में 16 साल लगे, लेकिन इसके बाद हर 100 मिलियन टन का आंकड़ा पहले से तेजी से हासिल किया गया, जो कंपनी की बढ़ती क्षमता और दक्षता को दिखाता है। इस उपलब्धि के साथ एपीएसईजेड अब 2030 तक 1 बिलियन टन कार्गो हैंडलिंग के अपने अगले बड़े लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ रही है।

## सरकार के एक्शन से चंद घंटों में औंधे मुंह गिरे एटीएफ के दाम, जानें क्या हैं नए रेट

नई दिल्ली (ए.)। हवाई सफर करने वाले यात्रियों और एयरलाइंस कंपनियों के लिए एक बड़ी और राहत भरी खबर सामने आई है। विमानन ईंधन यानी एटीएफ (ATF) की कीमतों को लेकर तेल मार्केटिंग कंपनियों ने चंद घंटों के भीतर ही एक बड़ा यू-टर्न ले लिया है। पहले तेल कंपनियों ने एटीएफ के दामों में 100 फीसदी से भी ज्यादा का भारी-भरकम इजाफा कर दिया था, जिससे हवाई सफर अचानक काफी महंगा होने की आशंका पैदा हो गई थी। लेकिन इसके तुरंत बाद सरकार ने इस मामले में सख्त हस्तक्षेप किया, जिसके प्रभाव से कंपनियों को पीछे हटना पड़ा और अब इस बढ़ोतरी को घटाकर महज 8 फीसदी कर दिया गया है।तेल मार्केटिंग कंपनियों के इस अचानक लिए गए फैसले ने पूरे एविएशन सेक्टर में खलबली मचा दी थी। शुरुआत में एटीएफ के दाम 96 हजार रुपये से बढ़ाकर सीधे 2.7 लाख रुपये प्रति किलोलीटर कर दिए गए थे। यह एक अप्रत्याशित और चौंकाने वाली वृद्धि थी, जिसका सीधा असर आम आदमी की जेब और हवाई किरायों पर पड़ना तय माना जा रहा था। हालांकि, सरकारी दखलंदाजी के बाद कंपनियों ने राहत देते हुए अपनी कीमतों को संशोधित किया और अब इस कीमत को घटाकर लगभग 1.04 लाख रुपये प्रति किलोलीटर के करीब कर दिया गया है।

## सोने में चमक बरकरार, चांदी में नरमी

**– सोना 1.51 लाख के पार, चांदी 2.39 लाख के करीब फिसली**

नई दिल्ली (ए.)। कमोडिटी बाजार में बुधवार को सोने और चांदी के दामों में अलग-अलग रुख देखने को मिला। जहां सोना मजबूती के साथ कारोबार करता नजर आया, वहीं चांदी में गिरावट का दबाव बना रहा। घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों बाजारों में यही ट्रेंड देखने को मिला। घरेलू वायदा बाजार में सोने की कीमतों में बुधवार को तेजी दर्ज की गई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का अप्रैल वायदा कॉन्ट्रैक्ट 666 रुपये की बढ़त के साथ 1,51,427 रुपये पर खुला, जबकि पिछला बंद भाव 1,50,761 रुपये था। खबर लिखे जाने के समय यह कॉन्ट्रैक्ट करीब 715 रुपये की मजबूती के साथ 1,51,476 रुपये पर कारोबार करता दिखा। दिन के दौरान सोने ने 1,51,870 रुपये का उच्च स्तर और 1,51,247 रुपये का निचला स्तर छुआ। इस साल सोना 1,80,779 रुपये के सर्वोच्च स्तर तक पहुंच चुका है। वहीं चांदी के वायदा भाव में कमजोरी देखने को मिली। एमसीएक्स पर चांदी का मई कॉन्ट्रैक्ट 1,635 रुपये की गिरावट के साथ 2,39,257 रुपये पर खुला, जबकि पिछला बंद भाव 2,40,892 रुपये था। कारोबार के दौरान चांदी करीब 1,286 रुपये टूटकर 2,39,606 रुपये के स्तर पर रही। इस दौरान इसने 2,40,300 रुपये का उच्च और 2,38,501 रुपये का निचला स्तर छुआ। इस साल चांदी 4,20,048 रुपये प्रति किलो तक पहुंच चुकी है।



# लौटी रौनक!, शेयर बाजार में तेजी, सेंसेक्स में 1900 और निफ्टी में 500+ अकों की उछाल; रुपया भी हुआ मजबूत




मुंबई,(ए.)। भारतीय शेयर बाजार ने बुधवार को मजबूत शुरुआत की। वैश्विक बाजारों में आई तेजी और पश्चिम एशिया में जारी अमेरिका-ईरान संघर्ष के जल्द खत्म होने की उम्मीदों ने निवेशकों का भरोसा बढ़ाया। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 1,899.53 अंक बढ़कर 73,847.08 पर पहुंचा; निफ्टी 572.55 अंक बढ़कर 22,903.95 पर पहुंच गया। शुरुआती कारोबार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 15 पैसे बढ़कर 94.70 पर पहुंच गया।

सेंसेक्स की सभी 30 कंपनियों के शेयरों में तेजी देखी गई, जिनमें ट्रेंट, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, अदानी पोर्ट्स, बजाज फाइनेंस, इंटरग्लोब एविएशन और लार्सन एंड टुब्रो प्रमुख लाभ कमाने वाली कंपनियां बनकर उभरीं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने संकेत दिया कि यह संघर्ष अगले तीन हफ्तों में समाप्त हो सकता है। वहीं, ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन ने भी कहा कि तेहरान इस संकट को खत्म करने की जरूरी इच्छाशक्ति रखता है। इन बयानों के बाद एशियाई और वैश्विक बाजारों में सकारात्मक माहौल बना।

इस सकारात्मक संकेत का असर भारतीय बाजार पर भी देखने को मिला, जहां शुरुआती कारोबार में खरीदारी हावी रही। हालांकि, डॉलर पर दबाव बना हुआ है और अमेरिकी ट्रेजरी बॉन्ड में तेजी जारी है, जो निवेशकों की सतर्कता को भी दर्शाता है। एशियाई बाजारों में, दक्षिण कोरिया का बेंचमार्क कोस्पी, जापान का निक्केई 225 सूचकांक, शंघाई का एसएसई कंपोजिट सूचकांक और हांगकांग का हैंग सेंग सूचकांक तेजी से ऊपर चढ़ रहे थे। कोस्पी में लगभग 7 प्रतिशत की उछाल आई, जबकि निक्केई 225 सूचकांक में 4 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई। मंगलवार को अमेरिकी बाजार में उल्लेखनीय तेजी देखी गई। नैस्डैक कंपोजिट इंडेक्स में 3.83 प्रतिशत, एसएंडपी 500 में 2.91 प्रतिशत और डाउ जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज में 2.49 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। हालांकि, दूसरी तरफ कच्चे तेल की कीमतों में तेजी बनी हुई है। रणनीतिक रूप से अहम होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर अनिश्चितता के चलते सप्लाई बाधित होने का खतरा बना हुआ है। ब्रेंट क्रूड 105 डॉलर प्रति बैरल के ऊपर पहुंच गया, जबकि वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (WTI) करीब 103 डॉलर प्रति बैरल के आसपास बना रहा।

इस संघर्ष का आर्थिक असर भी साफ दिखने लगा है। अमेरिका में पेट्रोल की औसत कीमत चार साल में पहली बार 4 डॉलर प्रति गैलन के पार पहुंच गई है। वहीं यूरोप में महंगाई तेज हो गई है, जिससे निपटने के लिए सरकारें राहत पैकेज और समर्थन उपाय लागू कर रही हैं।

# सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

## अतार्किक एवं दुर्भावना से प्रेरित

जिस दौर में ये शिकायत पहले से है कि कुछ कानूनी एवं अन्य विवादित मसलों का इस्तेमाल व्यापार एवं विदेश नीति में भारत सरकार को झुकाने के लिए किया गया है, ताजा रिपोर्ट डॉनल्ड ट्रंप प्रशासन का एक और हथियार बन सकती है।अमेरिका का अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता आयोग (यूएससीआईआरएफ) वैसे तो पिछले कई वर्ष भारत को 'विशेष चिंता की श्रेणी वाले देशों' की सूची में डालने की सिफारिश करता रहा है, लेकिन इस वर्ष वह कुछ ज्यादा आगे बढ़ गया है। उसने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के साथ-साथ भारत की बाहरी खुफिया एजेंसी रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) पर भी प्रतिबंध लगाने की सिपारिश कर दी है। अनुमान लगाया जा सकता है कि पहले की तरह ही इस वर्ष भी अमेरिका सरकार इस सिफारिश को नजरअंदाज कर देगी। इसके बावजूद भारत को अमेरिका में उभरे ऐसे रुझानों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। इसलिए कि अमेरिका में प्रशासन चाहे किसी पार्टी का हो, ऐसी रिपोर्टों का इस्तेमाल वह अपने रणनीतिक एवं अन्य हितों को साधने के लिए करता है। धार्मिक स्वतंत्रता, लोकतंत्र, मानव अधिकार आदि जैसे ऊंचे आदर्श अमेरिका के लिए डंडे की तरह हैं, जिनका उपयोग वह अपने मन-माफिक ना चलने वाले देशों पर दबाव बनाने के लिए करता आया है। इस रूप में यूएससीआईआरएफ जैसी उसकी संस्थाएं एक ऐसा हथकंडा हैं, जो दूसरे देशों के आंतरिक मामलों में दखल के लिए अपनी सरकार को उसूल का आवरण प्रदान करती हैं। जिस दौर में ये शिकायत पहले से है कि कुछ कानूनी एवं अन्य विवादित मसलों का इस्तेमाल व्यापार एवं विदेश नीति में भारत सरकार को झुकाने के लिए किया गया है, ताजा रिपोर्ट डॉनल्ड ट्रंप प्रशासन का एक और हथियार बन सकती है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने रिपोर्ट को पूर्वाग्रह-ग्रस्त और तथ्यात्मक रूप से गलत बताया है, मगर यह विरोध की रस्म-अदायगी भर है। भारतीय हितों के लिहाज से रॉ को विवाद में लाने के दूरगामी परिणाम हो सकते हैं। इसलिए इस बारे में भारत को अमेरिका के सामने औपचारिक विरोध दर्ज कराना चाहिए। यह कहने का तात्पर्य ये नहीं है कि जिन संगठनों को यूएससीआईआरएफ को निशाना बनाया है, उसके साथ कोई समस्या नहीं है। मगर जो भी है, वह भारत के अंदर की बात है। वह भारत सरकार के सामने मौजूद मुद्दा है। इसका समाधान यहीं निकलेगा। अत: अमेरिकी संस्थाओं का भारत पर प्रतिबंध की बात करना अतार्किक एवं दुर्भावना से प्रेरित माना जाएगा।

# भगवान राम के सबसे बड़े भक्त हैं हनुमान

–संजय गोस्वामी

ज्योतिषीयों के सटीक गणना के अनुसार हनुमान जी का जन्म 58 हजार 112 वर्ष पहले त्रेतायुग के अन्तिम चरण में चैत्र पूर्णिमा को मंगलवार के दिन चित्रा नक्षत्र व मेष लग्न के योग में सुबह 6.03 बजे भारत देश में आज के झारखण्ड राज्य के गुमला जिले के आंजन नाम के छोटे से पहाड़ी गाँव के एक गुफा में हुआ था,कहा जाता है किवर्षों की घोर तपस्या के बाद माता अंजना ने एक विलक्षण बुद्धि के बालक को जन्म दिया। चत्रै शुक्ल पूर्णिमा मंगलवार को मध्य रात्रि में अंजना के गर्भ से भगवान शिव अपने रुद्रदेह को त्याग कर वानररुप हनुमान बन कर अवतरित हुए। भगवान शिव ने ग्यारहवें रुद्र के रुप में अंजना के गर्भ से जन्म लिया, इसलिये शास्त्रों में हनुमानजी को रुद्रावतार कहा गया है।

माता अंजना पूर्वजन्म में पुंजिकस्थली नाम की अप्सरा थी। रावण जब देवलोक गया तो इसके रूप और तेज को देख कर मोहित हो गया। रावण ने कामुक होकर इसका हाथ पकड़ लिया। अपना हाथ छुड़ा कर क्रोधित पुंजिकस्थली सीधे ब्रह्माजी के पास गई और कहा, 'आपका वरदान पाकर ऐसे दुष्ट स्वभाव के लोग देवलोक में विचरण करते रहते हैं और आपके शरणागतों के साथ अत्याचार, अनाचार करते हैं।' ब्रह्माजी ने रावण से कहा, 'यदि आज के बाद तुम किसी परायी स्त्री को बुरी नजर से देखोगे तो तुम्हारे सिरके टुकड़े-टुकड़े हो जायेंगे।' अप्सरा इससे संतुष्ट नहीं हुई। उसने ब्रह्माजी से कहा, 'मैं इससे स्वयं बदला लूँगी। अत्रि मुनि के शाप के कारण इसी पुंजिकस्थली नाम की अप्सरा ने कुंजर वानर के यहाँ जन्म लिया जिसका नाम अंजना (अंजनि) रखा गया। अंजना का विवाह वानरराज केसरी से हुआ। केसरी राक्षसों को मार कर ऋषियों की रक्षा किया करते थे। ऋषियों ने प्रसन्न होकर केसरीजी को आशीर्वाद दिया कि तुम्हारा होने वाला बालक बल, बुद्धि और विद्या से परिपूर्ण होगा। बड़ा होकर श्रीराम का अनन्य भक्त बनेगा व सारे संसार में पूजनीय एवं वंदनीय होगा।अंजना और केसरी सुमेरु पर्वत से किष्किंधा चले गये। अंजना ने मतंग ऋषि के आश्रम में एक हजार वर्ष तक तपस्या की। इसके बाद सौ वर्ष तक वैंकटेश्वर पर्वत पर तपस्या की। इस अवधि में केसरीजी ने उन्हें अपना पूर्ण सहयोग प्रदान किया। जब अंजना तपस्या कर रही थी तो त्रिदेव उनके पास पहुँचे। अंजना ने उनसे वरदान माँगा कि मेरे होने वाले पुत्र की सभी शक्तियाँ आपकी शक्तियों से बढ़ कर हों । पुत्र इस संसार में असुरों का नाश करे और देवताओं की रक्षा करे। त्रिदेव ने तथास्तु कह दिया।सृष्टि के संहारक भगवान रुद्र ने अपने प्रिय हरि की अधिकाधिक सेवा करने व कलिकाल में भक्तों की रक्षा करने के लिये पवनदेव के पुत्र और वानरराज केसरी के क्षेत्रज पुत्र के रुप में अवतरित होने का निर्णय लिया। पवनदेव ने भी अंजना को वरदान दिया कि मैं अपनी बलरुपी वह शक्ति जिससे तीनों लोक कंपायमान हो जाते हैं, तुम्हारे पुत्र को प्रदान करुँगा।जन्म के समय इनका नाम मारुति रखा गया। यह माना जाता है कि, भगवान शिव ने पृथ्वी पर मनुष्य के रुप पुनर्जन्म 11वें रुद्र अवतार के रुप में हनुमान वनकर जन्म लिया; क्योंकि वे अपने वास्तविक रुप में भगवान श्री राम की सेवा नहीं कर सकते थे। मारुति को भूख लगी लेकिन कुछ खिलाने-पिलाने के लिये अंजना माता घर पर नहीं



### हनुमान जयंति पर विशेष

थी। उसी समय उदयाचल से उदित हो रहे अरुणाम सूर्य को मारुति ने मीठा फल समझ लिया। वे तुरन्त आकाश में उड़े और सूर्य तक पहुँच गए। मारुति को सूर्य की ऊष्मा से बचाने के लिये पवनदेव उसी समय भी पीछे-पीछे चल रहे थे।राहु भी अपनी सेना सहित वहाँ पहुँच गया। मारुति ने इसे भी मीठा फल समझ लिया और उस पर लपके। राहु शिकायत करने इन्द्रदेव के पास पहुंच गया। इस बीच मारुति ने राहु की राक्षसी सेना का अंत कर दिया। मारुति ने सूर्य को मीठा फल समझ कर अपने मुख में रख लिया। इन्द्र ने मारूति पर वज्र से प्रहार किया तो वे मूर्छित हो गये। यह देखकर पवनदेव को क्रोध आ गया। उन्होंने तुरन्त प्राणवायु का संचार बंद कर दिया। चारों ओर हाहाकार मच गया। ब्रह्माजी सभी देवताओं के साथ पवनदेव के पास पहुँचे। उन्हांने मारुति को स्पर्श किया तो उन्हें होश आ गया।मारुति को बाल्यावस्था में ही इन्द्र, कुबरे यम, वरुण, ब्रह्मा आदि देवताओं ने अनेकों वरदान दियेऔर आशीर्वाद दिया कि तुम पर सभी अस्त्र-शस्त्र प्रभावहीन रहेंगे। देवताओं ने इन्हें इच्छा मृत्यु का वरदान भी दिया। सूर्यदेव ने गुरु बनकर विद्याज्ञान देने का वचन दिया। ब्रह्माजी ने पवनदेव से कहा, 'तुम्हारा पुत्र शत्रुओं पर हमेशा भारी पड़ेगा, युद्ध मेंअजेय रहेगा। श्रीराम-रावण युद्ध में अपनाशौर्य दिखा कर श्रीराम को अति प्रसन्नता प्रदान करेगा।' बाल-लीला करते समय मारुति ने राहु की सेना और साठ हजार मंदार नाम के राक्षसों का भी संहार कर दिया। इसलिये इनका एक नाम ''राक्षसान्तक'' भी है।इन्द्र के वज्र प्रहार से मारुति की हनु (जबड़ा) टेढ़ी हो गई। हनु वक्र हो जाने से इनका नाम हनुमान हो गया। ऐसे कार्य जो मनुष्य को ब्रह्म से विमुख करते हैं, उनका हनन कर सही मार्ग की ओर अग्रसर करने वाले को भी हनु (हनन करने वाला) कहते हैं। अपनी इस विशेषता के कारण भी ये हनुमान हैं।पाँच वर्ष की अल्प आयु में हनुमान विद्या अध्ययन के लिये अपने गुरु सूर्यदेव के पास पहुँच गए। सूर्यदेव ने मन में बालकों का खेल समझ कर बहाना किया। उन्होंने हनुमान से कहा, 'मेरा तेज बहुत प्रचंड एवं असहनीय है। पीठ के पीछे बैठा कर शिक्षा नहीं दी जा सकती है। मेरे रथ में तुम्हारे बैठने के लिये प्रचुर स्थान उपलब्ध नहीं है। शिष्य तो गुरु के चरणों में बैठा हुआ ही अच्छा लगता है। लेकिन स्थानाभाव के कारण यह सम्भव नहीं है।' प्रखर बुद्धि हनुमान को कहना पड़ा,'गुरुदेव आपका वेग तो मेरे एक कदम के बराबर है।' मैं आपको अपनी पीठ नहीं दिखाऊँगा।हनुमान ने भास्कर की ओर मुख करके पीठ की तरफ पैरों से प्रसन्नमन आकाशमार्ग में बालकों के खेल के समान गमन किया। मैं पीछे-पीछे पैर रख कर सदा आपके सन्मुख ही बना रहूँगा। आप कहते हैं कि आपका तेज असहनीय है, इसे मैं हर लूँगा और आप मेरे तेज से प्रकाशमान रहेंगे।हनुमान ने चौदह विद्याएँ चौदह दिन में सीख ली। इससे सूर्यदेव का तेज कम हो गया। गुरुशिष्य से प्रश्न पूछते थे लेकिन शिष्य द्वारा दिये गये उत्तर को समझ नहीं पाते थे। सूर्यदवे सोचनेलगे, इस चंचल वानर को विद्या प्रदान करने का वचन मैंने क्यों दिया होगा? अन्तत: सूर्यदेव ने श्रीहरि से विनती की, मेरे गुरु-पद की लाज अब आपके हाथ में है। श्रीहरि ने हनुमान को समझाया कि गुरु को पूरा सम्मान दो, शास्त्रों की मर्यादा रखो। तुम्हारी विद्या को इस संसार मेंलुप्त करनेवाला न कोई है और न कोई होगा।अपनी शिक्षा को जारी रखो। पुन: अपने गुरु के पास जाओ, उनकी मर्यादा का सम्मान करो। इस तरह श्रीहरि ने गुरु और शिष्य के बीच समन्वय स्थापित करा दिया। हनुमान ने अठ्ठारह मास तक अपने गुरु से शिक्षा ग्रहण की। इस अवधि मेंअपने गुरु को पूर्ण सम्मान दिया।

गुरु की मर्यादा और सम्मान का पूर्ण खयाल रखा। हनुमान ने जिस आश्चर्यपूर्णतरीके से विद्याध्ययन किया वह वास्तव में तीनां लोकां को चकित कर देने वाला है।शिक्षा ग्रहण के इस अचरज भरे खेल को देखकर इन्द्रादि लेकपाल, विष्णु, रुद्र और ब्रह्मा की आँखें चौंधिया गई ।शिक्षा पूर्ण होते ही हनुमान ने विनम्र होकर अपने गुरु से गुरु-दक्षिणा माँगने के लिये निवेदन किया तो सूर्यदेव ने कहा,' मेरा पुत्र सुग्रीव वानररुप में तुम्हें मिलेगा। जब तक उसे प्रभु श्रीराम नहीं मिलें तब तक तुम उसकी रक्षा करना।' अपने गुरु की आज्ञा को हनुमान ने पूर्ण सम्मान प्रदान करते हुए आगे चल कर वानरराज सुग्रीव को भी पूर्ण सम्मान प्रदान किया, उनकी रक्षा की और उन्हें ब्रह्म से मिलाकर हमेशा के लिए भयमुक्त भी किया।हनुमान बचपन में बहुत चंचल थे और ऋषि-मुनियों के आश्रम में जाकर उन्हें बहुत परेशानकरते थे। उनकी इस चंचलता से माता-पिता भी बहुत परेशान थे। दण्ड के रुप में अंगिरा और भृगुवंशियों ने हनुमान को अपनी शक्तियाँ दीर्घकाल तक भूलने का शाप दे दिया। साथ ही यह भी अवगत करा दिया कि यदि कोई तुम्हें तुम्हारी शक्तियों का स्मरण करायेगा तो शक्तियाँ पुन: प्राप्त हो जायेंगी। भृगु ऋषियों द्वारा दिये गये इस शाप की जानकारी केवल जामवंतजी को ही थी। इस शाप के बाद हनुमान का व्यवहार बहुत ही सौम्य और शिष्ट हो गया।सुग्रीव के सचिव पद से ही प्रारम्भ होती है हनुमान चरित्र की यात्रा। यहीं इन्हांने अपने स्वामी श्रीराम को पहचाना और उनके दास बन गये।

# तुम रक्षक काहू को डरना...







सब सुख लहै तुम्हारी सरना, तुम रक्षक काहू को डरना...इस पावन दोहे की मधुर लय में जब मन डूबता हैतब ऐसा प्रतीत होता है मानो जीवन के सारे भय, सारे संशय स्वयं ही दूर हो रहे हों और भीतर एक अद्भुत आत्मविश्वास जागृत हो रहा हो। यही वह भाव है जो हमें हनुमान जी की शरण में ले जाता है। जहाँ सुरक्षाहै, शांति हैऔर जीवन को सही दिशा देने वाला दिव्य प्रकाश है। हनुमान जी का व्यक्तित्व उस विराट सागर की भांति है जिसमें शक्ति की लहरें भी हैं और शांति का अमृत भी। वे केवल एक देवता नहींबल्कि हर उस व्यक्ति के सारथीहैं जो धर्म और सत्य के मार्ग पर चलने का संकल्प लेता है। हनुमान जयंती का यह पावन पर्व केवल एक उत्सव नहींबल्कि जीवन को समझने, उसे संवारने और उसे ऊँचाइयों तक ले जाने का अवसर है। यह वह दिन है जब हम उस महान व्यक्तित्व को स्मरण करते हैं, जिन्होंने अपने जीवन से यह सिद्ध किया कि सच्ची भक्ति, अटूट साहस और नि:स्वार्थ सेवा से कोई भी व्यक्ति असंभव को संभव बना सकता है। हनुमान जी केवल बल के प्रतीक नहीं हैं, वे बुद्धि के भी प्रतीक हैं।वे केवल वीरता के प्रतीक नहीं हैं, वे विनम्रता के भी आदर्श हैं औरवे केवल भक्त नहीं हैं, वे कर्तव्य और समर्पण की सजीव मूर्ति हैं। हनुमान जी अतुलित बल के स्वामी थे किंतु उनकी पहचान रामभक्त के रुप में है। आज के दौर में जब हर कोई मालिक बनना चाहता है तो हनुमान जी सिखाते हैं कि समाज की निस्वार्थ सेवा ही ईश्वर की सबसे बड़ी पूजा है। यही सेवा कार्य की प्रेरणा जो हमें उनसे मिलती है, वही हमें मानवता के शिखर पर ले जाएगी। हनुमान जी अनुशासन और प्रबंधन के आदर्श प्रतीक हैं, जो अपनी बुद्धि, समर्पण और संकट प्रबंधन कौशल के लिए जाने जाते हैं। लंका दहन में समय प्रबंधन, सुरसा के सामने बौद्धिक स्थिरताऔर राम-रावण युद्ध में टीम वर्क व लक्ष्य-केंद्रित होकर उन्होंने नेतृत्व व आत्म-नियंत्रण का बेजोड़ उदाहरण पेश किया है। लंका जाते समय मैनाक पर्वत के निमंत्रण को ठुकराकर उन्होंने सिखाया कि जब तक लक्ष्य न मिल जाए तब तक विश्राम नहीं करना चाहिए। जब लंका में हनुमान जी चारों ओर से घिरे थे, तब भी उनका विवेक स्थिर था। आज हम छोटी-सी समस्या में टूटने और बिखरने लगते हैं। हनुमान जी सिखाते हैं कि समस्या चाहे कितनी भी विकराल हो, यदि मन शांत है और हृदय में परमात्मा का नाम होतो हर लंका को जीतना संभव है। जब लक्ष्मण जी मूर्छित हुए, तो हनुमान जी पूरा पहाड़ उठा लाए। यह आज के प्रबंधन के लिए सीख है कि यदि साधन सीमित हों और समय कम, तो अपनी क्षमता का विस्तार कैसे किया जाए। वे हमें सिखाते हैं कि नामुमकिन शब्द केवल हमारे मन का भ्रम है। वहीं बुद्धि और बल का संतुलन करते हुए सुरसा के सामने हनुमान जी ने अपने शरीर को दोगुना किया, लेकिन जब उन्हें समझ आया कि यहाँ शक्ति नहींबुद्धि की आवश्यकता है, तो उन्होंने खुद को छोटा कर लिया। उन्होंने साबित किया कि जहाँ अहम का टकराव हो, वहां बुद्धि का प्रयोग करना ही सच्ची बुद्धिमत्ता है। इसके साथ ही हनुमान जी का पूरा जीवन एक व्यवस्थित, संयमित और लक्ष्य-केन्द्रित अनुशासन में बंधा हुआ था। वे कभी भी अपनी शक्तियों का दुरुपयोग नहीं करते थे बल्कि हर कार्य को समय, परिस्थिति और मर्यादा के अनुसार करते थे। सदैव अपने आराध्य प्रभु श्रीराम के आदेश को सर्वोपरि माना। उन्होंने कभी अपने मन से कार्य नहीं किया बल्कि हर कदम पर अनुशासन के साथ उनके आदेश और कर्तव्य का पालन किया। इससे यही सीख मिलती है कि जीवन में गुरु, माता-पिता और कर्तव्य के प्रति अनुशासन ही सफलता की कुंजी है। आज के इस आधुनिक और चुनौतीपूर्ण युग मेंजब हर व्यक्ति किसी न किसी संघर्ष से गुजर रहा हैतब हनुमान जी का व्यक्तित्व हमारे लिए मार्गदर्शक बन जाता है। उनकी हर लीला, हर कथा हमें कुछ न कुछ सिखाती है। वे सिखाते हैं कि शक्ति हमारे भीतर ही होती हैबस उसे पहचानने की आवश्यकता है। हनुमान जी हमें सिखाते हैं कि सच्ची सफलता वही हैजो दूसरों के हित में हो। वे सिखाते हैं कि जितनी बड़ी उपलब्धि हो, उतनी ही बड़ी विनम्रता भी होनी चाहिए। वे सिखाते हैं कि कठिनाइयाँ चाहे कितनी भी बड़ी क्यों न हों, साहस और धैर्य से उनका सामना किया जा सकता है और सबसे बड़ी बात वे हमें यह सिखाते हैं कि यदि हमारे जीवन में एक स्पष्ट लक्ष्य हो और उस लक्ष्य के प्रति पूर्ण समर्पण होतो कोई भी बाधा हमें रोक नहीं सकती। मेरे अपने जीवन में हनुमान जी महाराज की विशेष कृपा का अनुभव हर दिन होता है। भोपाल के छोला स्थित श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर में प्रतिदिन जब मैंदर्शन के लिए जाता हूँ और वहां मैं अपना शीश झुकाता हूं तो सारी चिंताओं का बोझ हल्का हो जाता है। ऐसा लगता है मानो एक अदृश्य शक्ति मुझे संबल दे रही है, मेरे भीतर ऊर्जा भर रही है और मेरे हर संकल्प को मजबूती दे रही है। मैं अपने हर कार्य की शुरुआत हनुमान जी महाराज का आशीर्वाद लेकर करता हूं तो वह कार्य केवल प्रयासनहीं रहताबल्कि प्रसादबन जाता है। उनकी कृपा से ही हर कार्य की पूर्णसिद्दि होती है। जीवन के हर मोड़ पर, हर कठिन परिस्थिति में ऐसा अनुभव होता है कि वे साथ खड़े हैं- रक्षा करते हुए, मार्ग दिखाते हुएऔर आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हुए। उनके आशीर्वाद से ही सेवा का भाव जागृत होता है समाज के लिए कुछ करने का, जरूरतमंदों की सहायता करने का और अपने जीवन को केवल अपने लिए नहीं बल्कि दूसरों के लिए भी सार्थक बनाने का। जब हम सब सुख लहे तुम्हारी सरनाका भाव अपने जीवन में उतारते हैंतब हमें यह समझ आता है कि सच्चा सुख बाहरी वस्तुओं में नहींबल्कि आस्था, विश्वास और समर्पण में है। जब हम यह मान लेते हैं कि तुम रक्षक काहू को डरनातब जीवन के हर भय का अंत हो जाता हैऔर वही क्षण हमारे आत्मबल के जागरण का होता है। उनकी कृपा ही है जो कायर को वीर और निर्बल को बलवान बना देती है। हनुमान जयंती हमें केवल पूजा-अर्चना का संदेश नहीं देतीबल्कि जीवन जीने की कला सिखाती हैवह सिखाती है कि हमें अपने भीतर की शक्ति को पहचानना है,अपने कर्म को निष्ठा से करना है,अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहना हैऔर अपने जीवन को सेवा और सकारात्मकता से भरना है। आइए, इस पावन अवसर पर हम संकल्प लें कि हम हनुमान जी के आदर्शों को अपने जीवन में उतारेंगेउनकी तरह निडर बनेंगे,उनकी तरह विनम्र बनेंगेऔर उनकी तरह सेवा को अपना धर्म बनाएंगे।

**-विश्वास कैलाश सारंग**
**मंत्री, म.प्र. शासन**

# आज का राशिफल

मेष- आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आज लोग आपके विचारों को सुनने के लिए बहुत उत्सुक होंगे। इस राशि के लोगों को आज किसी करीबी से खुशखबरी मिल सकती है। करियर के मामले में आपके ऊपर अपनी क्षमता से अधिक जिम्मेदारियां आ सकती हैं।

वृष-आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहेगा। आज आपके मन की इच्छा पूरी होगी। आर्थिक मामलों में लाभ मिलेगा। भविष्य को बेहतर बनाने के लिए नये कदम उठाएंगे। आर्थिक स्थिति आपके पक्ष में रहेगी। लवमेट के साथ रिश्तों में मिठास आयेगी।

मिथुन-आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आपको नौकरी के लिए अच्छी खबर प्राप्त हो सकती है। इस राशि के लेखकों के लिए आज का दिन बहुत बढ़िया है। रचनात्मक कार्यक्षेत्र से जुड़े लोगों को नई स्टोरी लिखने के लिए मिल सकती है। आज आपका करियर नये रूप में उभरेगा। साथियों से मदद मिल सकती है। पार्टनर के सहयोग से आप सफल हो सकते हैं।

कर्क-आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आप ज्यादा समय परिवार वालों के साथ बितायेंगे। जीवनसाथी के साथ कहीं हील स्टेशन पर घूमने की प्लानिंग कर सकते हैं। आज किसी स्थिति को लेकर ज्यादा सोचने की बजाय उस पर एक्शन लेना बेहतर होगा। आज सब कुछ अपने सोचे हुए तरीके से होने की उम्मीद न रखें, तो बेहतर होगा।

सिंह- आज आपका दिन सामान्य रहेगा। आज जिस काम को पूरा करना चाहेंगे, उस काम में थोड़ी रूकावटें आ सकती है। किसी पुराने मित्र से मिलने उसके घर जा सकते हैं। आज रिश्तों में सुधार लाने के लिए दिन अच्छा है। आज शाम तक घरेलू सामान खरीदने के लिए मार्केट जा सकते हैं। आज बात सोच-विचार कर ही कहें, वरना थोड़ी परेशानी में पड़ सकते हैं। आज शाम का वक्त आप धार्मिक और दान पुण्य के कामों मे बीताएंगे मन को शांति मिलेगी।

कन्या-आज किस्मत आपके साथ रहेगी। जिस काम को कई दिनों से पूरा करने की सोच रहे हैं, वो आज किसी फ्रेंड की मदद से पूरा हो जाएगा। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन बेहतर है। आज आप तरोताजा महसूस करेंगे। आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा। कहीं से बड़ी खुशखबरी मिलेगी। करियर में नए अवसरों का फायदा आपको मिलेगा। अचानक धन लाभ होने से आर्थिक स्थिति अच्छी होगी।

तुला- आज आपका दिन सामान्य रहेगा। अगर आप काम को करते समय अपने मन को शांत रखेंगे, तो आपका काम आसानी से सफल होगा। किसी भी काम में जल्दबाजी करने से आपको बचना चाहिए। इस राशि के लोग आज अपनी फैमिली में अपने रिश्ते के बारे में बात करेंगे जल्द ही शादी तय हो सकती है।

वृश्चिक-आज आपका दिन शानदार रहेगा। आज दोस्तों और परिजनों के साथ खुशियां मनाएंगे। आज आपके व्यक्तित्व से लोग आकर्षित होंगे। मानसिक तौर पर खुद को स्ट्रॉन्ग महसूस करेंगे। आपके मन की सारी शंकाएं दूर होगी। परिवार और समाज के लोग आपके लिए काफी मददगार हो सकते हैं। आपकी बातों का गहरा असर भी लोगों पर होगा।

धनु-आज आपके मन में नए विचार उत्पन्न होंगे। आपको परिवार से जुड़ी कई जिम्मेदारियां निभानी पड़ सकती हैं, जिसमें आप सफल होंगे। आज आपको कुछ विशेष अवसरों का फायदा मिलेगा। आसपास के लोगों या साथ काम करने वालों की तारीफ करने से आपको मनोबल बढ़ेगा। आपको लोगों का सहयोग मिलेगा। धन लाभ के बड़े मौके मिलेंगे।

मकर-आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। इस राशि के इंजीनियर्स के लिए आज का दिन फायदेमंद रहेगा। किसी कंपनी से जॉब के लिए कॉल आ सकती है। मन में किसी मामले को लेकर थोड़ी बेचैनी हो सकती है। मन भटक सकता है। आज आसपास के किसी व्यक्ति के बारे में आपको गलतफहमी हो सकती है। धैर्य रखने सब अच्छा होगा।

कुंभ-आज आपका रूझान आध्यात्म की तरफ रहेगा। किसी धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होने की योजना बना सकते हैं। आज आपको आनंद की प्राप्ति होगी। आज खुद को फीट महसूस करेंगे। दिन खत्म होते-होते आपको शुभ समाचार मिलेगा। कार्यक्षेत्र में बढ़ोतरी के नये अवसर प्राप्त होंगे। आज स्कूल टाइम के पुराने कुछ दोस्तों से मुलाकात होगी। लवमेट के लिए आज का दिन नॉर्मल रहेगा। रात को बाहर डिनर का प्लान बन सकता है।

मीन-आज आपका दिन पहले की अपेक्षा बेहतर रहेगा। आपकी किस्मत आपका पूरा साथ देगी। आप अपने कार्यक्षेत्र में बेहतर ढंग से काम करेंगे। आज आपको किसी व्यापारिक समारोह में शामिल होने का मौका मिल सकता है। अपनी मेहनत से काम निश्चित तौर पर पूरे होंगे। आज बड़ों का पूरा सहयोग मिलेगा। ऑफिस में बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है। धर्म-कर्म में ध्यान लगा रहेगा। आज आपकी किसी जरूरी काम से यात्रा होगी।

# बिहार आइडिया ऑफ लोहिया की प्रयोगशाला

हरिशंकर व्यास

आधुनिक समय में 'देशज' हिंदू राजनीति के तीन प्रयोगधर्मी (विचारक) हुए- गांधी, सावरकर और लोहिया। इन तीनों ने वे सूत्र, वे प्रयोग दिए, जिससे हिंदुओं को भक्ति की तीन नई मूर्तियाँ मिलीं। 1947 के बाद गांधी के नेहरू ने अपने प्रयोग किए। नेहरूवादी पैदा हुए। वही सावरकर के भक्तों ने हवा में लाठी घुमाते हुए भय, भक्ति, भूख की भीड़ बनाना शुरू किया। एक तरफ नेहरूवादी, दूसरी तरफ हिंदुवादी (धर्मनिरपेक्ष बनाम सांप्रदायिक)।

और फिर इन दो धुरियों के बीच अचानक लड़ाकू तेवर के साथ डॉ. राममनोहर लोहिया उभरे। उनके जमीनी सूत्रों-नारों ने समाज में ऐसी हलचल बनाई, जिसके आगे गांधीवादी निरुत्तर थे तो हिंदुवादी भी मात्र हवा में लाठी भांजते थे। लोहिया के ही जुमलों ने वह मंडल-कमंडल बनाया कि समाज छिन्न-भिन्न हुआ। बुद्धि, विवेक सब छोड़ लोग पहचान (जाति, उपजाति, खाप) की भीड़ में कनवर्ट होने लगे।

और अंत परिणाम लोहियावादी भी वैसे ही बेमतलब है जैसे नेहरूवादी, गांधीवादी, मार्क्सवादी, माओवादी आदि भक्त समूहों का विसर्जन है। सवाल है तब 140 करोड़ लोगों का मालिक कौन सावरकर के वे हिंदुवादी जो लाठी भांजने, हांकने की सौ वर्षों से ट्रेनिंग लेते-लेते डफरों के विश्वगुरू हैं।

निश्चित ही इस ट्रेनिंग का प्रतीकमान चेहरा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं। वे प्रधानमंत्री मोदी, जिन्होंने फरवरी 2026 में नई दिल्ली के भारत मंडपम से दुनिया को आह्वान किया कि स्वागत है आप द्वारा बनाई कृत्रिम बुद्धिमत्ता (सौ प्रतिशत अमेरिका या उनकी कंपनियों की मौलिक बुद्धि से निर्मित उत्पाद) का। भारत इसमें अपना भाग्य मानता है।

और इस कॉलम को लिखते हुए खबर है कि अमेरिका ने रूसी तेल खरीदने के लिए भारत को 30 दिन की छूट दी। और अमेरिका की अनुमति प्राप्त हुई नहीं कि भक्त भीड़ का सोशल मीडिया 'अमेरिका से अनुमति' की वाह करते हुए है।

मैं तभी ऐसी घड़ी में लोहिया और लोहिया के लोगों की स्मृति में नीतीश कुमार पर सोच रहा हूं। किस मनोदशा के पर्याय हैं नीतीश कुमार इसलिए क्योंकि लोहिया की देशज राजनीति, जुमलों (या क्रांति) की प्रयोगशाला रहा है बिहार। लोहिया के मंडल चेहरे हों या भगवा चेहरे (सावरकर की सेंट्रल हॉल में तस्वीर के निर्णय के साझेदार जॉर्ज फर्नांडिस से हुकुमदेव नारायण यादव तक), सभी की यानी तमाम तरह के समाजवादियों की कर्मभूमि बिहार रही है। बिहार में कांग्रेस का शासन मुश्किल से चालीस वर्ष रहा। बाकी समय बिहार आइडिया ऑफ लोहिया की प्रयोगशाला रहा।

कर्पूरी ठाकुर 1967 में मुख्यमंत्री बने थे। मधु लिमये, जॉर्ज फर्नांडिस से लेकर मंडल रिपोर्ट लिखने वाले बिंदेश्वरी प्रसाद मंडल यहीं चुनाव जीतते रहे हैं। तभी सवाल है कि मंडल रिपोर्ट को लागू कराने की अधिसूचना जारी करवाने वाले शरद यादव, रामविलास पासवान हों या बिहार में 35 वर्षों से उसे लागू कराते लालू यादव, राबड़ी देवी तथा नीतीश कुमार के चेहरों से बिहार कैसा रचा है? ध्यान रहे नीतीश राज ही कोई बीस साल पुराना है।

और लोहियावाद की इतनी लंबी देशज राजनीति के आइडिया की कुल बिहार प्राप्ति, उत्पादकता क्या है? एक वाक्य में जवाब है, खंडहर और मजदूर! तभी नीतीश कुमार की रिटायरी के साथ अब दिखलाई दे रहा है कि बिहार हर तरह से लाठीधारी डफर जमात का सुरक्षित गढ़ हो गया है।

जबकि इस भूमि से, लोहियावादी विरासत की क्या उम्मीद होनी चाहिए थी? लोग कैसे तैयार होने थे? स्वाभिमानी, स्वदेशी, लड़ाकू-खुराफाती। मगर लोहियावादी बिहार में अब वह आबोहवा है, वह खंडहर है जो पिछले तीस वर्षों से जॉर्ज फर्नांडिस से लेकर नीतीश कुमार के मुंह से कभी भी कहने को भी, स्वदेशी, विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार (याद करें कभी जॉर्ज फर्नांडिस ने देसाई सरकार में कोका-कोला, आईबीएम कंपनियों को भारत से खदेड़ा था) के जुमले नहीं सुने गए!

उलटे हुआ क्या? पुराने नामी रहे विश्वविद्यालय भी चौपट हुए। नालंदा की नकल और जुगाड़ जैसी शिक्षा व्यवस्था बनी। सो, बुद्धि चौपट और स्वाभिमानी आबादी का भक्ति तथा मजदूर भीड़ में कनवर्ट होना।इसलिए सोचें, नीतीश कुमार और लोहियावादी चेहरों पर तो गांधी, सावरकर, लोहिया के भारत के ऐसे हस्र पर भी!

## (चिंतन-मनन) सिद्धांत गौण है, सत्ता प्रमुख

पिछले दिनों में राष्ट्रीय रंगमंच पर जिस प्रकार का राजनीतिक चरित्र उभरकर आ रहा है, वह एक गंभीर चिंता का विषय है। ऐसा लगता है, राजनीति का अर्थ देश में सुव्यवस्था बनाए रखना नहीं, अपनी सत्ता और कुर्सी बनाए रखना है। राजनीतिज्ञ का अर्थ उस नीति-निपुण व्यक्तित्व से नहीं है, जो हर कीमत पर राष्ट्र की प्रगति, विकास-विस्तार और समृद्धि को सर्वोपरी महत्व दे; किंतु उस विदूषक-विशारद व्यक्तित्व से है, जो राष्ट्र के विकास और समृद्धि को अवनति के गर्त में फेंककर भी अपनी कुर्सी को सर्वोपरि महत्व देता हो। राजनेता का अर्थ राष्ट्र को गति की दिशा में अग्रसर करने वाला नहीं, अपने दल को सत्ता की ओर अग्रसर करने वाला रह गया है। यही कारण है कि आज राष्ट्र गौण है, दल प्रमुख है। सिद्धांत गौण है, सत्ता प्रमुख है। चरित्र गौण है, कुर्सी प्रमुख है। एक राजनेता में राष्ट्रीय चरित्र, न्याय-सिद्धांत और नेतृत्व क्षमता के गुणों की आवश्यकता नहीं, किंतु आज कुशल राजनेता वही है, जो अपने दल के लिए राष्ट्र के साथ भी विश्वासघात कर सकता हो, अपनी कुर्सी के लिए अपने दल के साथ भी विश्वासघात करने का जिसमें साहस या दुस्साहस हो। बहुत बार मन में प्रश्न उभरता है, क्या राजनीति का अपना कोई चरित्र नहीं होता अथवा सत्ता प्राप्ति के लिए राष्ट्र, समाज, दल और व्यक्ति की विश्वासपूर्ण भावनाओं के साथ खिलवाड़ करना ही राजनीति का चरित्र होता है? जनता की कोमल भावनाओं का शोषण करके सत्तासीन होने के बाद क्या राजनेता का व्यक्तित्व जनता और राष्ट्र से भी बड़ा हो जाता है? यदि ऐसा नहीं है तो आज की राजनीति क्यों अपने प्रिय पुत्रों, संबंधियों और चमचों-चाटुकारों के चप्रव्यूह में फंसकर रह गई है? राष्ट्र को स्थिर नेतृत्व प्रदान करने के नाम पर क्यों सिद्धांतहीन समझौते और स्तरहीन कलाबाजियां दिखाई जा रही हैं? संप्रदायवाद, जातिवाद, भाषावाद और प्रांतवाद को भड़का करके क्यों सत्ता की गोटियां बिठाई जा रही हैं?



# उत्कल दिवस पर पीएम मोदी ने कहा- सांस्कृतिक महानता का शाश्वत प्रतीक है ओडिशा



नई दिल्ली ,(आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को ओडिशा दिवस के अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं दी और कहा कि राज्य संस्कृति व आध्यात्मिक महानता के शाश्वत प्रतीक के रूप में गौरवान्वित है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, उत्कल दिवस के विशेष अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं। ओडिशा एक ऐसा राज्य है जो सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महानता के शाश्वत प्रतीक के रूप में गर्व से खड़ा है। ओडिया संगीत, कला और साहित्य ने भारत को अनगिनत तरीकों से समृद्ध किया है। ओडिशा के लोग, जो अपने दृढ़ संकल्प, सादगी और प्रेम के लिए जाने जाते हैं, उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान दिया है। मुझे आशा है कि आने वाले दिनों में ओडिशा प्रगति की नई ऊंचाइयों को छुएगा।

ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट के माध्यम से राज्य के लोगों को इस शुभ अवसर पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं।

उन्होंने कहा, भाषा के आधार पर गठित होने वाले पहले राज्य के रूप में ओडिशा ने विश्व मंच पर अपनी विशिष्ट पहचान बनाई। इस अवसर पर मैं उन महान सपूतों को गहरी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं जिनके बलिदान और दूरदर्शिता ने एक अलग ओडिशा को संभव बनाया। मुख्यमंत्री ने ओडिया पहचान और संस्कृति की रक्षा के प्रति अपनी सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया। मांझी ने कहा, हम हर ओडिया के सपनों और आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए अथक प्रयास करते रहेंगे। हमारा एकमात्र लक्ष्य ओडिशा को देश का अग्रणी राज्य बनाना है। आज के इस पवित्र दिन पर, आइए हम सब एक साथ आएं और एक समृद्ध ओडिशा के निर्माण का दृढ़ संकल्प लें।ओडिशा दिवस या उत्कल दिवस प्रतिवर्ष 1 अप्रैल को मनाया जाता है ताकि भाषाई पहचान के आधार पर 1 अप्रैल 1936 को ओडिशा को एक अलग प्रांत के रूप में गठित किए जाने की याद दिलाई जा सके।

## ओडिशा के स्थापना दिवस पर अमित शाह और योगी समेत अन्य नेताओं ने दी बधाई

नई दिल्ली (आरएनएस)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान और यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित कई मुख्यमंत्रियों ने बुधवार को ओडिशा स्थापना दिवस के अवसर पर राज्य के लोगों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि भारत को अपने इतिहास, साहित्य और संगीत पर गर्व है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, ओडिशा दिवस के अवसर पर ओडिशा के भाई-बहनों को हार्दिक शुभकामनाएं। समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और प्रभु जगन्नाथ के दिव्य आशीर्वाद से धन्य, ओडिशा भारत के गौरव के रूप में शोभायमान है। 'विकसित भारत' की ओर अपनी यात्रा में यह राज्य प्रगति और समृद्धि की नई ऊंचाइयों को स्पर्श करे। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, अनुपम सांस्कृतिक विरासत, धर्म, कला और वास्तुशिल्प वैशिष्ट्य से परिपूर्ण ओडिशा राज्य के स्थापना दिवस (उत्कल दिवस) की सभी ओडिशा वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं! महाप्रभु जगन्नाथ के आशीर्वाद से अभिसिंचित यह पावन धरा मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी के कुशल नेतृत्व में ऐसे ही निरंतर विकास और प्रगति के पथ पर गतिमान रहे।

## मुंबई एयरपोर्ट पर इंडिगो फ्लाइट में 'डेंजर' लिखा टिश्यू मिलने से हड़कंप, जांच में कुछ संदिग्ध नहीं मिला

मुंबई (आरएनएस)। मुंबई एयरपोर्ट पर उस समय हड़कंप मच गया, जब इंडिगो की एक फ्लाइट के टॉयलेट में 'डेंजर' लिखा हुआ टिश्यू पेपर मिला। यह घटना उस समय सामने आई, जब इंडिगो की फ्लाइट संख्या 911 अगली उड़ान के लिए तैयार की जा रही थी। जैसे ही यह जानकारी सामने आई, सुरक्षा एजेंसियां तुरंत अलर्ट हो गईं और पूरे मामले को गंभीरता से लिया गया। एयरपोर्ट स्टाफ ने तुरंत इस संदिग्ध जानकारी की सूचना मुंबई पुलिस के कंट्रोल रूम और नजदीकी पुलिस स्टेशन को दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और सुरक्षा के मद्देनजर जरूरी कदम उठाए गए। इसके साथ ही बम निरोधक दस्ते को भी बुलाया गया, जिसने फ्लाइट और आसपास के क्षेत्र की गहन जांच की।

जांच के दौरान विमान के टॉयलेट और अन्य हिस्सों की बारीकी से तलाशी ली गई। लेकिन, किसी भी तरह की संदिग्ध वस्तु या विस्फोटक सामग्री बरामद नहीं हुई। जांच पूरी होने के बाद अधिकारियों ने राहत की सांस ली और इसे एक शरारती हरकत माना जा रहा है।

## एमएसपी पर दलहन-तिलहन खरीद 7 अप्रैल से होगी शुरू - कृषि मंत्री शाही

लखनऊ(आरएनएस)। रबी सीजन 2026-27 में भी किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) का लाभ मिलेगा। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने मंगलवार को लोक भवन में पत्रकारों से बातचीत में बताया कि चना, मसूर, सरसों की खरीद 7 अप्रैल से 30 जून तक की जाएगी। इस दौरान पारदर्शी डिजिटल व्यवस्था, डीबीटी भुगतान और विस्तृत क्रय नेटवर्क के माध्यम से किसानों को सीधे लाभ पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार किसानों की आय बढ़ाने, फसलों का उचित मूल्य दिलाने और कृषि क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिए लगातार काम कर रही है। एमएसपी पर दलहन और तिलहन की खरीद की यह रणनीति किसानों के लिए लाभकारी सिद्ध होगी और उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत बनाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि प्रदेश में उर्वरक की कोई कमी नहीं है और 75 जनपदों में उर्वरकों की सप्लाई सुचारु रूप से हो रही है। कृषि मंत्री ने बताया कि मूल्य समर्थन योजना किसानों के लिए सुरक्षा कवच के रूप में कार्य करती है। चने का एमएसपी 5875 रुपये प्रति क्विंटल, मसूर का 7000 रुपये प्रति क्विंटल, सरसों का 6200 रुपये प्रति क्विंटल और अरहर का 8000 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है, जिससे किसानों को उनकी उपज का लाभकारी मूल्य मिल सके।

## मोहाली में 13 करोड़ की ठगी मामले में आप नेता राकेश सोमन गिरफ्तार

मोहाली (आरएनएस)। पंजाब के मोहाली में एक बड़े धोखाधड़ी मामले में पुलिस ने आम आदमी पार्टी (आप) के नेता राकेश सोमन उर्फ रॉकी को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई एक रियल एस्टेट कारोबारी से 13 करोड़ रुपए से अधिक की कथित ठगी के आरोप में की गई। इस मामले में उनकी पत्नी बलजीत कौर और सहयोगी बिक्रम सूरी के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस के अनुसार, राकेश सोमन लंबे समय से राजनीति में सक्रिय रहा है। लोकसभा चुनाव के दौरान बहुजन समाज पार्टी ने उसे अपना उम्मीदवार घोषित किया था, हालांकि बाद में उसने पार्टी छोड़कर आम आदमी पार्टी (आप) का दामन थाम लिया। इस पृष्ठभूमि के चलते मामले ने और भी संवेदनशीलता हासिल कर ली है।

पीड़ित कारोबारी ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि राकेश सोमन ने अपने राजनीतिक प्रभाव का इस्तेमाल करके धमकाया। आरोपी ने गैंगस्टरों के जरिए नुकसान पहुंचाने और झूठे मामलों में फंसाने की धमकी दी, जिससे कारोबारी मानसिक दबाव में आ गया।

घटना के अनुसार, राकेश सोमन एक अन्य मामले में पेशी के लिए अदालत पहुंचा हुआ था, तभी पुलिस ने उसे गिरफ्तार करने की कोशिश की। इस दौरान उसने मौके से भागने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए उसका पीछा किया और कुछ ही दूरी पर उसे काबू कर लिया।

पुलिस ने आरोपी और उसके सहयोगियों के खिलाफ धोखाधड़ी, आपराधिक विश्वासघात और धमकी देने जैसी गंभीर धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है और जांच आगे बढ़ा दी गई है।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने ओडिशा दिवस पर दी बधाई, कहा- राष्ट्र-निर्माण में ओडिशा का योगदान अतुलनीय



नई दिल्ल,(आरएनएस)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला सहित नेताओं ने बुधवार को ओडिशा स्थापना दिवस के अवसर पर राज्य के लोगों को बधाई दी। राष्ट्रपति ने कहा कि देश के स्वतंत्रता संग्राम और राष्ट्र-निर्माण में ओडिशा के अमूल्य योगदान ने हम सभी को सदैव प्रेरित किया है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, ओडिशा दिवस के अवसर पर ओडिशा के भाई-बहनों को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं। यह दिन ओडिशा की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, प्राचीन परंपराओं और ओडिशा के लोगों के धैर्य तथा सहनशीलता का प्रतीक है। देश के स्वतंत्रता संग्राम और राष्ट्र-निर्माण में ओडिशा के अमूल्य योगदान ने हम सभी को सदैव प्रेरित किया है। उन्होंने आगे लिखा कि एक विकसित भारत के निर्माण में ओडिशा के कुशल और परिश्रमी लोगों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। आज इस शुभ अवसर पर, मैं भगवान जगन्नाथ से ओडिशा के लोगों की सुख-समृद्धि और कल्याण के लिए प्रार्थना करता हूं। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, जय जगन्नाथ! उत्कल दिवस पर ओडिशा प्रदेश के सभी वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं। समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, गौरवशाली इतिहास और प्रकृति की अनुपम संपदा से परिपूर्ण यह प्रदेश देश की पहचान को और अधिक सशक्त बनाता है।



*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी डिब्रूगढ़ में महिला चाय बागान श्रमिकों के साथ चाय की पत्तियां तोड़ते हुए।*

## फिल्मी स्क्रिप्ट जैसा कानपुर का किडनी कांड, 8वीं पास ने बनाया इंटरनेशनल नेटवर्क; टेलीग्राम पर लगती थी अंगों की बोली




कानपुर, (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के कानपुर में चल रहे अवैध किडनी ट्रांसप्लांट रैकेट की जांच में ऐसे रोंगटे खड़े कर देने वाले खुलासे हुए हैं, जो किसी भी इंसान को दहलाने के लिए काफी हैं। जांच एजेंसियों को पता चला है कि इस खौफनाक गोरखधंधे को बिल्कुल किसी हॉलीवुड या बॉलीवुड थ्रिलर फिल्म की तर्ज पर अंजाम दिया जाता था। अब तक शहर में 60 से ज्यादा अवैध किडनी ट्रांसप्लांट होने की बात सामने आ चुकी है, जिसमें विदेशी मरीजों का कनेक्शन भी जुड़ गया है। सबसे ज्यादा चौंकाने वाली बात यह है कि इस पूरे इंटरनेशनल नेटवर्क को चलाने वाला मुख्य सरगना कोई बड़ा सर्जन नहीं, बल्कि महज 8वीं पास एक एंबुलेंस ड्राइवर है।

### ऑपरेशन वाले दिन गायब हो जाता था अस्पताल का स्टाफ

इन अवैध ऑपरेशनों को इतनी चालाकी और गोपनीयता से किया जाता था कि पुलिस या स्वास्थ्य विभाग को भनक तक न लगे। जिस दिन किसी मरीज का किडनी ट्रांसप्लांट होना होता था, उस दिन अस्पताल के नियमित स्टाफ को छुट्टी पर भेज दिया जाता था। इसके बाद एक बेहद खास 'सर्जिकल टीम' वहां पहुंचती थी, जो सिर्फ चंद घंटों के लिए बुलाई जाती थी। तेजी से ऑपरेशन को अंजाम देने के बाद मरीजों को तुरंत अज्ञात और अलग-अलग ठिकानों पर शिफ्ट कर दिया जाता था ताकि कोई भी लिंक न जुड़ सके। पुलिस को चकमा देने के लिए इन मरीजों का कोई मेडिकल रिकॉर्ड या आधिकारिक एंट्री रजिस्टर में दर्ज नहीं की जाती थी।

### 8वीं पास एंबुलेंस ड्राइवर ने पहना स्टेथोस्कोप, विदेशी महिला भी बनी शिकार

पुलिस को इस काले कारोबार की भनक पिछले साल ही लग गई थी, लेकिन यह नेटवर्क इतना शातिर था कि मुख्य कड़ी तक पहुंचने में महीनों लग गए। जब 'आरोही हॉस्पिटल' पर छापा मारकर उसे सील किया गया, तब जाकर इस सिंडिकेट की परतें खुलनी शुरू हुईं। जांच की आंच 'आहूजा हॉस्पिटल' तक भी पहुंची, जहां 7-8 ट्रांसप्लांट होने के सबूत मिले हैं। इसी दौरान एक विदेशी महिला के ट्रांसप्लांट का मामला सामने आने से इसके अंतरराष्ट्रीय तारों का भी पर्दाफाश हुआ। पुलिस ने जब मास्टरमाइंड शिवम अग्रवाल उर्फ 'काना' को गिरफ्तार किया तो जांच अधिकारी भी सन्न रह गए। शिवम महज 8वीं पास है और पहले एंबुलेंस चलाता था। बाद में उसने गले में स्टेथोस्कोप डालकर खुद को एक बड़ा 'विशेषज्ञ डॉक्टर' बताना शुरू कर दिया और भोले-भाले लोगों को अपने जाल में फंसाकर इस अवैध नेटवर्क तक पहुंचाने लगा।

### टेलीग्राम पर तय होती थी कीमत, 80 लाख खर्च कर भी मौत के मुंह में पहुंची महिला

इस गिरोह का काम करने का तरीका पूरी तरह से हाईटेक था। मेरठ का डॉक्टर अफजाल इस नेटवर्क के डिजिटल ऑपरेशंस को संभालता था। उसने 'टेलीग्राम' ऐप पर एक सीक्रेट ग्रुप बनाया हुआ था, जहां डोनर और रिसीवर (किडनी लेने वाले) की सीधी डील होती थी। यहीं तय होता था कि कितने पैसे का लेन-देन होगा और ऑपरेशन किस दिन होगा। इसी टेलीग्राम ग्रुप के जरिए मेरठ की पारुल तोमर का सौदा बिहार के एक एमबीए छात्र आयुष चौधरी के साथ तय हुआ।

## देश में जल्द महंगा होगा हवाई सफर, पहली बार घरेलू उड़ानों के लिए जेट ईंधन की कीमत 2 लाख के पार

नई दिल्ली,(आरएनएस)। देश में हवाई यात्रियों को जल्द ही महंगे किराए का सामना करना पड़ सकता है। दरअसल, जेट फ्यूल (विमानन टरबाइन ईंधन—ATF) की कीमतों में पिछले एक महीने में दोगुने से अधिक की बढ़ोतरी हुई है, जिससे एयरलाइंस की लागत में भारी इजाफा हुआ है।

तेल कंपनियों द्वारा जारी अप्रैल माह के नए रेट के अनुसार, घरेलू उड़ानों के लिए जेट ईंधन की कीमतों में करीब 115 प्रतिशत और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए लगभग 107 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। रुपये में लगातार गिरावट ने भी एयरलाइंस पर अतिरिक्त दबाव डाला है।

नई दरों के बाद दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर जेट फ्यूल की कीमत बढ़कर 2,07,341 रुपये प्रति किलोलीटर हो गई है, जबकि पिछले महीने यह 96,638 रुपये प्रति किलोलीटर थी। यानी इसमें लगभग 114 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है।

अन्य महानगरों में भी कीमतों में तेज उछाल देखा गया है। मुंबई में जेट फ्यूल की कीमत 90,451 रुपये से बढ़कर 1,94,968 रुपये प्रति



किलोलीटर हो गई है, जो करीब 115 प्रतिशत की वृद्धि है। वहीं, कोलकाता और चेन्नई में भी कीमतें दो लाख रुपये प्रति किलोलीटर के पार पहुंच गई हैं। अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए जेट फ्यूल की कीमत पहली बार 1000 डॉलर प्रति किलोलीटर के पार चली गई है। दिल्ली में यह कीमत 816 डॉलर से बढ़कर 1690 डॉलर हो गई है। कोलकाता में यह 855 डॉलर से बढ़कर 1727 डॉलर तक पहुंच गई है। इस दौरान रुपये की कीमत भी रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गई है, जहां एक डॉलर 95 रुपये से अधिक का हो गया है।भारत में एयरलाइंस की कुल लागत में जेट फ्यूल का हिस्सा करीब 40 से 45 प्रतिशत तक होता है। ऐसे में कीमतों में यह भारी बढ़ोतरी सीधे तौर पर एयरलाइंस के संचालन खर्च को प्रभावित करेगी।

विशेषज्ञों का मानना है कि बढ़ती लागत का असर यात्रियों पर पड़ेगा और हवाई किराए में बढ़ोतरी लगभग तय है। किराए बढ़ने से यात्रियों की मांग में कमी आ सकती है, जिसके चलते एयरलाइंस को अपनी उड़ानों की संख्या घटानी पड़ सकती है।पहले से ही कई चुनौतियों का सामना कर रही एयरलाइन कंपनियों के लिए यह स्थिति और कठिन हो सकती है। पश्चिम एशिया में जारी संकट के कारण लंबी उड़ान मार्गों का दबाव पहले से ही बढ़ा हुआ है, और अब जेट फ्यूल की कीमतों में रिकॉर्ड वृद्धि ने उनकी परेशानियां और बढ़ा दी हैं।

## मेरी सहेली के साथ संबंध बनाओ', पत्नी के टॉर्चर से परेशान पति पहुंचा थाने, दर्ज कराई एफआईआर

बेंगलुरु (आरएनएस)। पतियों द्वारा पत्नियों पर घरेलू हिंसा और उत्पीड़न के मामले तो आपने अक्सर सुने होंगे, लेकिन कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु से एक ऐसा हैरान करने वाला मामला सामने आया है जो



आपके होश उड़ा देगा। यहां एक 37 वर्षीय शख्स ने अपनी 31 साल की पत्नी पर यौन उत्पीड़न, मानसिक क्रूरता और अप्राकृतिक कृत्य करने के लिए मजबूर करने जैसे बेहद गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़ित पति ने पत्नी की प्रताड़ना से तंग आकर पुलिस का दरवाजा खटखटाया है और न्याय की गुहार लगाई है। बेंगलुरु के अमृतहल्ली पुलिस स्टेशन में दर्ज इस एफआईआर ने हर किसी को चौंका दिया है।

सहेली संग संबंध बनाने का दबाव और अश्लील वीडियो की यातना

पुलिस को दी गई शिकायत में पीड़ित शख्स ने अपनी पत्नी की क्रूरता की सारी हदें पार करने का जिक्र किया है। पति का आरोप है कि उसकी पत्नी लगातार उस पर अपनी ही सहेली के साथ अंतरंग संबंध बनाने का दबाव डालती थी। इतना ही नहीं, पत्नी उसे अश्लील वीडियो भेजकर ऐसे अप्राकृतिक कृत्यों को दोहराने के लिए मानसिक रूप से प्रताड़ित करती थी। पति ने यह भी बताया कि उसकी पत्नी को उनकी निजी और बेडरूम की बातें अपने दोस्तों के साथ साझा करने की बुरी आदत थी, जिससे वह मानसिक रूप से बुरी तरह टूट चुका था।

शराब, महंगे शौक और एक्स-बॉयफ्रेंड्स की दास्तां

शिकायतकर्ता के मुताबिक, उसकी पत्नी ने बेझिझक अपने पिछले और मौजूदा संबंधों की बात उसके सामने स्वीकार की थी। पत्नी को हमेशा यह शिकायत रहती थी कि पति के पास इतना पैसा नहीं है कि वह उसका महंगा लाइफस्टाइल और शौक पूरे कर सके। पति का कहना है कि पत्नी को शराब पीने की लत है और उसके बार-बार मना करने के बावजूद वह अक्सर अपने दोस्तों के साथ ही समय बिताती थी।

## सोशल मीडिया पर 'सुसाइड अलर्ट' के बाद पुलिस ने बचाई युवक की जान



रायबरेली (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश पुलिस ने तेजी से कार्रवाई और तालमेल का एक शानदार उदाहरण पेश किया है। पुलिस ने उत्तर प्रदेश के रायबरेली में एक 18 साल के युवक की जान बचाई। सोशल मीडिया पर एक परेशान करने वाली पोस्ट से संकेत मिला था कि युवक सुसाइड करने की कोशिश कर सकता है, जिसके बाद पुलिस ने तत्परता दिखाई और युवक की जान बचाई जा सकी। यह घटना दुखद घटनाओं को रोकने में टेक्नोलॉजी और कानून लागू करने वाली एजेंसियों की तेजी से बढ़ती भूमिका को दिखाती है।अधिकारियों के मुताबिक, इंस्टाग्राम पर सुसाइड से जुड़ा एक वीडियो पोस्ट किया गया था, जिससे पुलिस हेडक्वार्टर में 'मेटा अलर्ट सिस्टम' के जरिए एक अलर्ट जारी हो गया। यह सिस्टम संभावित रूप से नुकसान पहुंचाने वाले या परेशान करने वाले कंटेंट को पहचानने के लिए बनाया गया है। इसने तुरंत अधिकारियों को सूचित किया, जिससे वे बिना किसी देरी के कार्रवाई कर पाए।

अलर्ट मिलते ही रायबरेली पुलिस तुरंत हरकत में आ गई। सिर्फ 12 मिनट के अंदर ही उन्होंने उस युवक की लोकेशन ट्रेस कर ली और 'मिल एरिया' पुलिस स्टेशन के इलाके में स्थित उसके घर पहुंच गए। जब पुलिस अधिकारी वहां पहुंचे, तो युवक की हालत बेहद नाजुक थी। उसने अपने प्रेम-संबंध में हुए किसी विवाद के कारण गहरे मानसिक तनाव में आकर कोई जहरीला पदार्थ खा लिया था।हालात की गंभीरता को समझते हुए पुलिसकर्मियों ने उसे तुरंत पास के एक अस्पताल पहुंचाया, जहां समय पर मिले इलाज की वजह से उसकी जान बच गई। अधिकारियों ने बताया कि अगर थोड़ी सी भी देर हो जाती, तो इसका नतीजा जानलेवा हो सकता था। पुलिस की इस तेजी से की गई कार्रवाई ने न सिर्फ एक बड़ी अनहोनी को टाल दिया, बल्कि एक परिवार को भी गहरे सदमे और दुख से भी बचा लिया।इस घटना के बारे में बात करते हुए एडिशनल सुपरिटेंडेंट ऑफ पुलिस (एएसपी) संजीव कुमार सिन्हा ने कहा कि 29 मार्च को, एक 18 साल के लड़के ने अपनी गर्लफ्रेंड को 'अलविदा' कहते हुए एक मैसेज भेजा और सोशल मीडिया पर चूहे के जहर की एक फोटो भी पोस्ट की। पुलिस को यह जानकारी मेटा के जरिए मिली। कुछ ही मिनटों में कार्रवाई की गई और उसे बचा लिया गया। यह हमारे लिए एक बड़ी उपलब्धि है। हम यह संदेश भी देना चाहते हैं कि माता-पिता ही आपके सबसे बड़े सहारा होते हैं, और किसी भी हाल में ऐसे बड़े कदम नहीं उठाने चाहिए।

# हुमा कुरैशी की चमक के कायल हुए हॉलीवुड निर्देशक जैक स्नाइडर, बताया बेहतरीन एक्ट्रेस



मशहूर हॉलीवुड निर्देशक जैक स्नाइडर ने अभिनेत्री हुमा कुरैशी की जमकर तारीफ की। उन्होंने हुमा को फिल्म आर्मी ऑफ द डेड में काम करने वाले सबसे अच्छे कलाकारों में से एक बताया। जैक स्नाइडर ने मंगलवार को हुमा कुरैशी की तस्वीर इंस्टाग्राम पर पोस्ट की। इस पोस्ट में उन्होंने लिखा, हुमा कुरैशी उन बेहतरीन अभिनेत्री में से एक हैं, जिनके साथ मुझे आर्मी ऑफ द डेड में काम करने का अवसर मिला। टैलेंट, स्क्रीन पर मौजूदगी और जबरदस्त चमक थी। मनोरंजन जगत के कलाकारों ने भी जैक के पोस्ट पर प्रतिक्रिया दी। अभिनेत्री हुमा कुरैशी ने लिखा, आप सबसे बढ़िया हैंज् बॉस। फराह खान ने लिखा, अरे वाह।

आर्मी ऑफ द डेड स्नाइडर की बनाई एक कहानी पर आधारित है। फिल्म की कहानी कुछ सैनिकों के एक ग्रुप के इर्द-गिर्द घूमती है, जो जॉम्बी के कहर के दौरान लास वेगास के एक कसीनो में डकैती की योजना बनाते हैं। स्नाइडर ने आर्मी ऑफ द डेड का आइडिया अपनी 2004 में आई पहली फिल्म डॉन ऑफ द डेड की अगली कड़ी के तौर पर सोचा था।इस फिल्म में कई बड़े एक्टर्स ने काम किया है, जिनमें डेव बॉतिस्ता, एला पर्नेल, ओमारी हार्डविक, एना डे ला रेग्वेरा, थियो रॉसी, मैथियास श्वेघोफर, नोरा अर्नेजेडर, हिरोयुकी सनाडा, टिग नोटारो, राउल कैस्टिलो, हुमा कुरैशी और गैरेट डिलाहंट शामिल हैं।अभिनेत्री हुमा कुरैशी जल्द ही टॉक्सिक: ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन-अप में नजर आएंगी। गैंगस्टर एक्शन-ड्रामा है, जिसे गीतु मोहनदास ने डायरेक्ट किया है। यश ने खुद स्क्रिप्ट लिखी है और लीड रोल में हैं। फिल्म में नयनतारा, कियारा आडवाणी, हुमा कुरैशी, रुक्मिणी वसंत और तारा सुतारिया अहम किरदारों में नजर आएंगी।फिल्म की रिलीज पहले 19 मार्च 2026 को रिलीज किया जाना था, लेकिन केवियन प्रोडक्शंस और मॉन्स्टर माइंज क्रिएशंस ने अपने प्रमुख डिस्ट्रीब्यूशन पार्टनर फार्स फिल्म्स के परामर्श पर इसे वैश्विक स्तर पर स्थगित कर दिया था। अब फिल्म को 4 जून 2026 को प्रदर्शित किया जाएगा।

# दुनियाभर में 'धुरंधर 2' का धमाल, रौंद डाले बॉबी-शोले के रिकॉर्ड, वर्ल्डवाइड कर डाला होश उड़ा देने वाला कलेक्शन



रणवीर सिंह की 'धुरंधर 2' हर गुजरते दिन के साथ न केवल अपने कलेक्शन में भारी भरकम इजाफा करती जा रही है बल्कि नए-नए रिकॉर्ड भी अपने नाम कर रही है. देश और दुनियाभर के बॉक्स ऑफिस पर धूम मचा रही इस फिल्म ने सुपर फास्ट स्पीड से उम्मीदों से कई गुना ज्यादा कलेक्शन कर तमाम सारी बॉलीवुड फिल्मों को पीछे छोड़ दिया है. यहां तक कि इसने कई बड़ी पैन इंडिया फिल्मों के रिकॉर्ड भी नेस्तनाबूत कर दिए हैं. हालांकि दूसरे मंडे पहली बार इसकी कमाई में थोड़ी मंदी देखी गई. चलिए यहा जानते हैं इस फिल्म ने रिलीज के 12वें दिन यानी दूसरे मंडे को वर्ल्डवाइड कितना कलेक्शन किया है?

रणवीर सिंह स्टारर 'धुरंधर 2' ने सिनेमाघरों में ज़बरदस्त ओपनिंग की थी और इसने रिलीज के पहले ही दिन दुनिया भर में 240 करोड़ कमाए (जिसमें पेड प्रीव्यू से मिले 75 करोड़ भी शामिल हैं) थे. इसके बाद बुलेट ट्रेन से भी तेज दौड़ते हुए इस फ़िल्म ने अपने पहले हफ़्ते में ही 1000 करोड़ से ज़्यादा की कमाई कर डाली थी . फिर धुरंधर 2 का बॉक्स ऑफ़िस पर दूसरा वीकेंड भी काफ़ी शानदार रहा. इसने घरेलू बॉक्स ऑफ़िस पर 170 करोड़ से ज़्यादा की नेट कमाई की, जो कि ज़्यादातर फ़िल्मों के ओपनिंग वीकेंड की कमाई से भी ज़्यादा है. इसके साथ ही फ़िल्म का घरेलू कलेक्शन बढ़कर 847 करोड़ नेट हो गया, जो कि बॉलीवुड फ़िल्मों के लिए एक नया रिकॉर्ड है. सोमवार को फ़िल्म के कलेक्शन में पहली बार बड़ी गिरावट देखने को मिली.

बता दें कि 12वें दिन, धुरंधर 2 ने 17,614 शो में भारत में 25.30 करोड़ का नेट कलेक्शन किया. इसके साथ ही, भारत में इसका कुल ग्रॉस कलेक्शन 1,042.23 करोड़ और कुल नेट कलेक्शन अब तक 872.17 करोड़ हो गया है. वहीं विदेशों में, फिल्म ने 12वें दिन 8.00 करोड़ का कलेक्शन किया, जिससे इसका कुल विदेशी ग्रॉस कलेक्शन अब तक 350.00 करोड़ हो गया है. इससे इसका दुनिया भर का कुल ग्रॉस कलेक्शन बढ़कर ?1392.23 करोड़ हो गया है.

धुरंधर 2 की दुनिया भर की कमाई ब1392 करोड़ ग्रॉस हो गई है और ये 14 सौ करोड़ी बनने से इंचभर दूर है. इसी के साथ अब, यह फ़िल्म सिर्फ़ दंगल (2070 करोड़), बाहुबली 2 (1788 करोड़), और पुष्पा 2 (1724 करोड़) से पीछे है.

विदेशों में, धुरंधर 2 गल्फ़ देशों में रिलीज़ नहीं हुई. और फिर भी, यह विदेशों में सबसे ज़्यादा कमाई करने वाली टॉप 15 भारतीय फ़िल्मों में जगह बनाने में कामयाब रही है. इसकी 38 मिलियन की कमाई ने बॉबी (29.4 मिलियन), शोले (28.2 मिलियन), और पुष्पा 2 (31 मिलियन) जैसी ऑल-टाइम ब्लॉकबस्टर फ़िल्मों को भी पीछे छोड़ दिया है.,

रणवीर सिंह के अलावा, 'धुरंधर 2' में आर. माधवन, अर्जुन रामपाल, संजय दत्त, सारा अर्जुन और राकेश बेदी ने भी अपने किरदारों में कमबैक किया है. आदित्य धर द्वारा निर्देशित यह स्पाई थ्रिलर 19 मार्च को रिलीज़ हुई थी. बता दें कि पहली धुरंधर ने दुनिया भर में 1300 करोड़ कमाए थे उम्मीद है कि इसका सीक्वल 2000 करोड़ का आंकड़ा पार कर जाएगा.

# कालिदास 2 का बढ़ा रोमांच, अबरनाथी का किरदार होगा फिल्म के रहस्य की चाबी

*साउथ सिनेमा में इन दिनों थ्रिलर फिल्मों का क्रेज तेजी से बढ़ रहा है और दर्शक ऐसी कहानियों को खास पसंद कर रहे हैं, जिनमें सस्पेंस, क्राइम और रहस्य का तड़का हो। ऐसे में कालिदास 2 को लेकर फैंस में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। इस कड़ी में फिल्म निर्माताओं ने अभिनेत्री अबरनाथी का फर्स्ट लुक जारी किया है।*



*इस फिल्म में अबरनाथी संजी नाम की महिला का अहम किरदार निभा रही हैं। पोस्टर में उनका लुक रहस्यमय नजर आ रहा है। मेकर्स का कहना है कि उनका किरदार फिल्म की मिस्ट्री को सुलझाने में बड़ी भूमिका निभाएगा। फिल्म के प्रोड्यूसर फाइव स्टार के सेंथिल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर फर्स्ट लुक का पोस्टर शेयर करते हुए लिखा, संजी ही इस रहस्य की चाबी है।फिल्म 3 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है और अब इसके रिलीज में केवल कुछ ही दिन बाकी हैं। रिलीज से पहले मेकर्स फिल्म के किरदारों को धीरे-धीरे सामने ला रहे हैं। कुछ दिन पहले अभिनेता किशोर का फर्स्ट लुक सामने आया था। इस फिल्म में वह पांड्या नाम के किरदार में नजर आएंगे। पोस्टर में उनका लुक काफी खतरनाक और रहस्यमयी दिखाया गया है।मेकर्स ने उनके किरदार को रॉ, रफ और अनप्रिडिक्टेबल करार जिया। यह फिल्म सालों पहले आई सुपरहिट फिल्म कालीदास का दूसरा पार्ट है। इसे के.सेंथिल और डॉ. एन योगेश्वरन ने प्रोड्यूस किया है। खास बात यह है कि इस फिल्म को भी सेंथिल ने ही लिखा और डायरेक्ट किया है, जिन्होंने पहले पार्ट को भी बनाया था।ऐसे में दर्शकों को उम्मीद है कि यह फिल्म भी उतनी ही दमदार होगी। फिल्म में भरत और अजय कार्थी लीड रोल में नजर आएंगे। इसके अलावा, भवानी श्री, संगीता और टीएम कार्तिक समेत कई कलाकार भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। संगीता लंबे समय बाद बड़े पर्दे पर वापसी कर रही हैं, जो दर्शकों के लिए एक अलग ही रोमांच लाएगा।*

# सलमान खान की नई हीरोइन बनी साउथ की लेडी सुपरस्टार नयनतारा, हो गया बड़ा ऐलान



बॉलीवुड के सुल्तान सलमान खान और साउथ की लेडी सुपरस्टार नयनतारा की जोड़ी को लेकर चल रही चर्चाओं पर आखिरकार मुहर लग गई है। नयनतारा अब साउथ के मशहूर निर्देशक वामशी पेडिपल्ली के निर्देशन में बनने वाली आगामी एक्शन-ड्रामा फिल्म में सलमान के साथ मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। जवान की अपार सफलता के बाद अब नयनतारा सलमान के साथ मिलकर बॉक्स ऑफिस पर धमाका करने के लिए तैयार हैं।निर्माताओं के साथ-साथ खुद नयनतारा ने सोशल मीडिया पर ये ऐलान कर दिया है, जिससे उनके प्रशंसक फूले नहीं समा रहे हैं। सलमान और नयनतारा, अब पहली बार एक साथ बड़े पर्दे पर नजर आने वाले हैं, जो दर्शकों के लिए एक बिल्कुल नया और रोमांचक अनुभव लेकर आएगा। रिपोर्ट्स के अनुसार, इस जोरदार एक्शन-ड्रामा की शूटिंग अप्रैल के मध्य से शुरू होने जा रही है। निर्माता इसे साल 2027 की सबसे बड़ी रिलीज बनाने की तैयारी में हैं।महर्षि और वारिसु जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्में देने के लिए मशहूर निर्देशक वामशी अपने सिग्नेचर स्टाइल यानी बड़े पैमाने के इमोशन और स्केल को इस फिल्म में लाने के लिए तैयार हैं। एक अनुभवी फिल्म निर्माता दिल राजू और निर्देशक की जोड़ी, लीड रोल में सलमान जैसे सुपरस्टार और अब नयनतारा के इस प्रोजेक्ट से जुड़ने के बाद यकीनन सिनेमाघरों में तालियों और सीटियों का शोर थमने का नाम नहीं लेगा।

# मेन स्ट्रीम सिनेमा के मुकाबले ओटीटी पर अभिनेत्रियों के लिए ज्यादा अच्छे किरदार : भूमि पेडनेकर

मायानगरी के सिनेमा के सपने को पूरा करने का ख्वाब अब दिल्ली में भी देखा जा सकेगा क्योंकि अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव पहली बार दिल्ली में हो रहा है। 31 मार्च तक चलने वाले महोत्सव में सितारों का मेला लग रहा है। सोमवार को टॉयलेट : एक प्रेमकथा और दम लगाके हईशा जैसी फिल्मों में लीड रोल निभा चुकीं भूमि पेडनेकर और अभिनेता मानव विज समारोह का हिस्सा बने। भूमि पेडनेकर ने कहा कि पहली बार अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव का हिस्सा बनकर खुशी महसूस हो रही है। दिल्ली को इस फिल्म फेस्टिवल की सबसे ज्यादा जरूरत है, और आज सरकार और इस समारोह से जुड़े लोगों की मेहनत ने कलाकारों और निर्माताओं को बड़ा मंच दिया है। भले ही मैं मुंबईवासी हूं, लेकिन मेरा दिल दिल्ली के लिए धड़कता है।



ओटीटी और सिनेमा में आए बदलाव पर अभिनेत्री ने कहा कि ओटीटी पर जितने भी किरदार एक्सपेरिमेंटल मिलते हैं, वो राइटर की बदौलत मिलते हैं, क्योंकि वो वैसे किरदारों को लिखते हैं, हमें बस सही किरदार का चुनाव करना होता है, लेकिन मेन स्ट्रीम सिनेमा में महिलाओं के लिए उतने अच्छे और एक्सपेरिमेंटल रोल नहीं मिल पा रहे हैं, जितने ओटीटी पर मिल रहे हैं, लेकिन उम्मीद है कि मेन स्ट्रीम सिनेमा में यह बदलाव भी जल्द से जल्द आएगा।पंजाबी अभिनेता मानव विज भी महोत्सव का हिस्सा बने और उनकी फिल्म मां जाए की स्पेशल स्क्रीनिंग भी रखी गई। मीडिया से बात करते हुए अभिनेता ने बताया कि यह फिल्म उनके लिए बहुत खास है और किरदार को जीवंत करने के लिए उन्होंने पूरी जान लगा दी थी। मुझे पता था कि फिल्म अच्छी साबित होगी, लेकिन यह नहीं पता था कि फिल्म को इतना सम्मान भी मिलेगा।

अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव दिल्ली को जरूरी बताते हुए अभिनेता ने कहा, इसी महोत्सव की वजह से अच्छा सिनेमा सामने आ पाता है और दूसरों को भी अच्छी फिल्म बनाने की प्रेरणा मिलती है। आप किसी चीज की बेहतरी तभी कर सकते हैं, जब उसे बेहतर मंच मिलेगा।

# हर महिला के पास होने चाहिए ये 5 मेकअप एसेंशियल्स, आसानी से मिलेगा खूबसूरत लुक

मेकअप हर महिला की सुंदरता को निखारने में मदद करता है। सही मेकअप प्रोडक्ट्स का चयन और उपयोग करना बहुत जरूरी है। इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे मेकअप एसेंशियल्स के बारे में बताएंगे, जो हर महिला के पास होने चाहिए और जिनका सही तरीके से उपयोग करने पर आप अपने चेहरे को और भी सुंदर बना सकती हैं। इन प्रोडक्ट्स का सही उपयोग करके आप अपने लुक को निखार सकती हैं और आत्मविश्वास बढ़ा सकती हैं।

## बेस मेकअप प्रोडक्ट्स का चयन कैसे करें?

बेस मेकअप प्रोडक्ट्स जैसे कि फाउंडेशन, कंसीलर और प्राइमर बहुत जरूरी होते हैं। फाउंडेशन आपके चेहरे की रंगत को समान बनाने में मदद करता है, जबकि कंसीलर डार्क सर्कल्स और दाग-धब्बों को छिपाने में सहायक होता है। प्राइमर त्वचा को मुलायम बनाता है और मेकअप को लंबे समय तक टिकाए रखता है। इन सभी प्रोडक्ट्स का सही चयन और उपयोग करके आप अपने चेहरे को बेहतरीन लुक दे सकती हैं और आत्मविश्वास बढ़ा सकती हैं।

## आंखों की सुंदरता बढ़ाने वाले प्रोडक्ट्स

आंखें चेहरे की जान होती हैं। इन्हें खूबसूरत बनाने के लिए आईलाइनर, मस्कारा और आईशैडो का सही उपयोग करना जरूरी है। आईलाइनर आपकी आंखों को गहरा और आकर्षक बनाता है, मस्कारा पलकों को घना और लंबा दिखाती है, जबकि आईशैडो आपकी आंखों की गहराई बढ़ाता है। इन सभी प्रोडक्ट्स का सही उपयोग करके आप अपनी आंखों को निखार सकती हैं और अपने लुक को और भी खास बना सकती हैं।

## गालों को निखारने वाले प्रोडक्ट्स

गालों की रंगत बढ़ाने के लिए ब्लश पाउडर का उपयोग करें। यह आपके गालों को ताजगी भरा दिखाता है और चेहरे पर एक सुंदर चमक लाता है। ब्लश पाउडर चुनते समय अपनी त्वचा की रंगत का ध्यान रखें ताकि यह आपके चेहरे पर प्राकृतिक लगे। इसके अलावा हाइलाइटर का भी उपयोग करें, जो आपकी गालों की ऊंचाई को निखारता है और चेहरे पर एक खास चमक देता है।

## होंठों को खूबसूरत बनाने वाले प्रोडक्ट्स

होंठों को आकर्षक बनाने के लिए लिपस्टिक या लिप टिंट का उपयोग करें। यह न केवल आपके होंठों को रंगता है बल्कि उन्हें नमी भी देता है। लिपस्टिक चुनते समय अपने त्वचा की रंगत और मौके का ध्यान रखें ताकि यह आपके चेहरे पर अच्छी लगे। इसके अलावा आप लिप बाम का भी उपयोग कर सकती हैं, जो आपके होंठों को नरम और स्वस्थ बनाए रखता है।



## मेकअप सेटिंग स्प्रे का महत्व

मेकअप सेटिंग स्प्रे आपके मेकअप को लंबे समय तक टिकाए रखने में मदद करता है। इसे लगाने से आपका पूरा मेकअप सेट रहता है और आपको बार-बार टचअप की जरूरत नहीं पड़ती। सही तरीके से मेकअप करने पर आप न केवल सुंदर दिखेंगी बल्कि आत्मविश्वास भी महसूस करेंगी। इन सभी टिप्स को अपनाकर आप अपने मेकअप रूटीन को बेहतर बना सकती हैं और हर मौके पर तैयार दिख सकती हैं।

# क्या उंगलियां चटकाना सेहत के लिए हानिकारक है? जानिए इस बात की सच्चाई

कई लोग तनाव में होने पर या खाली बैठे-बैठे अपनी उंगलियां चिटकाते रहते हैं। हालांकि, क्या आपने कभी सोचा है कि इस आदत का सेहत पर हानिकारक प्रभाव पड़ सकता है? यह एक आम धारणा है कि उंगलियां चटकाने से गठिया जैसी बीमारियां हो सकती हैं। इस लेख में हम इसी भ्रम की सच्चाई जानेंगे और समझेंगे कि क्या वाकई उंगलियों को चटकाने से कोई खतरा होता है या यह सिर्फ एक मिथक है।

## लोग क्यों चिटकाते हैं उंगलियां?

उंगलियों को चटकाने का कारण अक्सर हवा के बुलबुले बनना होता है। जब आप उंगलियों को चिटकाते हैं तो आपके जोड़ों में दबाव बढ़ जाता है, जिससे हवा के बुलबुले बनते हैं और आवाज आती है। यह प्रक्रिया पूरी तरह से सामान्य है और इससे किसी भी प्रकार का नुकसान नहीं होता। वैज्ञानिक दृष्टिकोण से देखा जाए तो यह एक सामान्य प्रक्रिया है, जो आपके जोड़ों को कोई नुकसान नहीं पहुंचाती।



## वैज्ञानिक नजरिए से इसे समझें

वैज्ञानिक शोध बताते हैं कि उंगलियों को चटकाने की आदत गठिया जैसी बीमारियों का कारण नहीं बनती। कई अध्ययनों में यह पाया गया कि जो लोग नियमित रूप से अपनी उंगलियां चिटकाते हैं, उनमें गठिया होने का कोई संकेत नहीं मिलता है। इसलिए, यह कहना गलत होगा कि ऐसा करने से गठिया की बीमारी होती है। वैज्ञानिक नजरिए से यह एक सामान्य प्रक्रिया है, जो आपके जोड़ों को कोई नुकसान नहीं पहुंचाती।

## क्या पड़ जाती है उंगलियां चटकाने की आदत?

उंगलियां चटकाने की आदत पड़ जाती है, लेकिन इससे किसी प्रकार का नुकसान नहीं होता। यह सिर्फ एक सामान्य प्रक्रिया है, जो आपके जोड़ों को कोई नुकसान नहीं पहुंचाती। कई लोग इसे तनाव मुक्त करने का तरीका मानते हैं और इससे कोई स्वास्थ्य संबंधित समस्या नहीं होती। इसलिए, इसे हानिकारक मानना गलत होगा। हालांकि, अगर आपको किसी प्रकार का दर्द महसूस होता है तो इसे करना बंद कर दें।

## कैसे छोड़ी जा सकती है यह आदत?

अगर आपको अपनी इस आदत पर नियंत्रण पाना है तो धीरे-धीरे प्रयास करें। इसके लिए आप अपने हाथों को व्यस्त रखने का प्रयास कर सकते हैं या ध्यान केंद्रित करने के दौरान इसे भूल सकते हैं। साथ ही आप काम करते हुए इस आदत को रोक सकते हैं। दिनभर व्यस्त रहने की कोशिश करें और खाली बैठे-बैठे भी ध्यान रखें कि आप अपनी उंगलियां न चिटकाएं। इससे धीरे-धीरे आपकी यह आदत छूट जाएगी।

# बड़ा विमान हादसाः सेना का AN-26 विमान क्रैश, 29 लोगों की मौत



मॉस्को (ए.)। बुधवार सुबह रूस के रक्षा मंत्रालय ने पुष्टि की कि क्रीमिया में रूसी सेना का एक एएन-26 परिवहन विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में 6 चालक दल के सदस्य और 23 यात्रियों की मौत हो गई। एजेंसी के अनुसार, विमान एक चट्टान से टकरा गया था। सिन्हुआ न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, रक्षा मंत्रालय ने बताया कि मंगलवार देर रात यह विमान क्रीमिया प्रायद्वीप के ऊपर एक निर्धारित उड़ान पर था, तभी उससे संपर्क टूट गया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, हादसे की वजह तकनीकी खराबी थी और विमान पर किसी तरह का हमला नहीं हुआ था। मंत्रालय ने कहा, 31 मार्च को शाम करीब 6 बजे (मॉस्को समय) क्रीमिया क्षेत्र के ऊपर उड़ान के दौरान एएन-26 विमान से संपर्क टूट गया था।बाद में खोज और बचाव दल ने दुर्घटनास्थल का पता लगा लिया। वहां से मिली रिपोर्टों के अनुसार, विमान में सवार चालक दल के छह सदस्य और 23 यात्री मारे गए हैं। रिपोर्ट में यह नहीं बताया गया कि कुल कितने लोग विमान में सवार थे, लेकिन किसी के भी बचने की सूचना नहीं दी गई। एएन-26 एक हल्का सैन्य परिवहन विमान है, जो कई दशकों से इस्तेमाल में है और कम व मध्यम दूरी पर सामान के साथ करीब 40 यात्रियों को ले जा सकता है।इससे पहले दिसंबर 2025 में भी रूस में एक बड़ा सैन्य विमान हादसा हुआ था। 9 दिसंबर को, मॉस्को के पूर्व में स्थित इवानोवो क्षेत्र के इवानकोवो गांव के पास एक परीक्षण उड़ान के दौरान एक एंटोनोव एएन-22 दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। विमान मरम्मत कार्य के बाद उड़ान पर निकला था, जिससे यह संकेत मिलता है कि घटना के समय वह मरम्मत के बाद के परीक्षण से गुजर रहा था। इस हादसे में भी कोई जीवित नहीं बचा। हालांकि शुरू में विमान में सवार लोगों की संख्या नहीं बताई गई थी, लेकिन उसमें चालक दल के 7 सदस्य थे और सभी की मौत हो गई। यह घटना रूसी सैन्य विमानन के लिए एक बड़ी क्षति थी।

## जन्मसिद्ध नागरिकता मामले में अदालत में उपस्थित होंगे डोनाल्ड ट्रंप

*वॉशिंगटन(ए.)।अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि वह जन्मसिद्ध नागरिकता पर सुनवाई के लिए अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट में उपस्थित होने की योजना बना रहे हैं। शीर्ष अदालत इस मुद्दे पर उनके कार्यकारी आदेश को चुनौती देने वाले एक महत्वपूर्ण कानूनी मामले की सुनवाई करने जा रही है।ट्रंप ने अदालत में उपस्थित होने के बारे में पूछे जाने पर कहा, मुझे लगता है हाँ, मैं जाऊँगा क्योंकि मैं इस तर्क को लंबे समय से सुनता आ रहा हूँ। यह मामला ट्रंप के उस प्रयास पर केंद्रित है, जिसमें वे गैर-नागरिक माता-पिता के अमेरिका में जन्मे बच्चों को स्वत: नागरिकता देने की व्यवस्था को समाप्त करना चाहते हैं- जो 14वें संशोधन पर आधारित एक लंबे समय से चली आ रही संवैधानिक व्याख्या है।*

# ट्रंप की 'धमकी' सिर्फ 'शोर', ईरान युद्ध के बीच ब्रिटेन ने भी छोड़ा ट्रंप का साथ, बुलाई 35 देशों की बैठक



लंदन(ए.)। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को लेकर वैश्विक चिंता के बीच ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने साफ किया है कि उनकी सरकार का फोकस देश के आर्थिक हित, ऊर्जा सुरक्षा और कूटनीतिक समाधान पर है। उन्होंने कहा कि वह समझते हैं कि लोग बढ़ती महंगाई और रोजमर्रा के खर्च को लेकर क्यों चिंतित हैं, और इसी से निपटने के लिए सरकार पहले ही एक पांच-पॉइंट प्लान पर काम कर रही है।

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने एक बड़ा और कड़ा फैसला लिया है। प्रधानमंत्री स्टार्मर ने कहा कि ब्रिटेन, ईरान के खिलाफ अमेरिका और इस्राइल के सैन्य अभियान में शामिल नहीं होगा। उन्होंने साफ-साफ कहा कि यह हमारी लड़ाई नहीं है। उनका यह फैसला ऐसे समय में आया है जब नाटो सहयोगी देशों की तरफ से ब्रिटेन पर इस जंग में कूदने का भारी दबाव बनाया जा रहा था। प्रधानमंत्री ने साफ किया कि वह देश की सेना को किसी ऐसे आक्रामक अभियान का हिस्सा नहीं बनने देंगे, जिससे ब्रिटेन के राष्ट्रीय हितों को नुकसान पहुंचे।


### ट्रंप की चेतावनी सिर्फ 'शोर'

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नाटो से बाहर निकलने की संभावित चेतावनी पर भी स्टार्मर ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने इसे दबाव बनाने की कोशिश और शोर बताते हुए कहा कि नाटो अब तक का सबसे प्रभावी सैन्य गठबंधन है और ब्रिटेन इसके लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, चाहे कितना भी प्रेशर या शोर हो, मैं हर फैसला अपने देशहित को ध्यान में रखकर ही लूंगा। साथ ही उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि ब्रिटेन इस संघर्ष में सीधे शामिल नहीं होगा। यह हमारी लड़ाई नहीं है, और हम इसमें नहीं फंसेंगे, उन्होंने कहा, लेकिन साथ ही जोड़ा कि रक्षा, सुरक्षा और आर्थिक भविष्य को देखते हुए यूरोप के साथ करीबी संबंध बनाना जरूरी है।होर्मुज संकट पर स्टार्मर ने कूटनीतिक पहल की भी घोषणा की। उन्होंने बताया कि ब्रिटेन इस हफ्ते के आखिर में उन देशों के साथ एक अहम बैठक की मेजबानी करेगा, जो होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने में सहयोग करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि यवेट कूपर इस बैठक की अध्यक्षता करेंगी, जिसमें नेविगेशन की आजादी बहाल करने, फंसे जहाजों और नाविकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और जरूरी सामानों की आवाजाही फिर से शुरू करने पर चर्चा होगी। स्टार्मर के मुताबिक, ब्रिटेन पहले ही इस दिशा में सक्रिय है। विदेश मंत्री और चांसलर जी7 देशों के समकक्षों से बातचीत कर चुके हैं, जबकि रक्षा मंत्री मिडिल ईस्ट के साझेदारों के संपर्क में हैं। उन्होंने बताया कि यूके ने खाड़ी क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा के लिए 35 देशों को एक साझा पहल के तहत साथ लाया है।

# नेपाल में फिर डोली धरती, मुगु जिले में 4.0 तीव्रता का भूकंप

### -करनाली प्रांत में तड़के लगे भूकंप के झटके, कई जिलों में महसूस हुई कंपन

काठमांडू,(ए.) नेपाल में बुधवार तड़के एक बार फिर भूकंप के झटके महसूस किए गए। अधिकारियों के अनुसार करनाली प्रांत के मुगु जिले में रिक्टर पैमाने पर 4.0 तीव्रता का भूकंप आया।



भूकंप निगरानी एवं अनुसंधान केंद्र के मुताबिक इसका केंद्र मुगु जिले के धैनाकोट क्षेत्र में था। झटके आसपास के जिलों—हुमला, जुमला और कालिकोट में भी महसूस किए गए। फिलहाल किसी प्रकार के जान-माल के नुकसान की सूचना नहीं है। अधिकारियों के अनुसार वर्तमान भूकंप से किसी बड़े नुकसान की सूचना नहीं है, लेकिन प्रशासन स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

इससे पहले 29 मार्च 2026 को भी नेपाल के सिंधुपालचोक जिले में 4.5 तीव्रता का भूकंप दर्ज किया गया था। उसका केंद्र नुल्थाला खर्का क्षेत्र के पास था, जो राजधानी काठमांडू से करीब 80 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में स्थित है। उस दौरान भी काठमांडू सहित कई इलाकों में झटके महसूस किए गए थे।नेपाल भूकंपीय दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील क्षेत्र में आता है। यह हिमालयी क्षेत्र के नीचे स्थित है, जहां टेक्टोनिक प्लेट—विशेष रूप से भारतीय और यूरेशियन प्लेट—आपस में टकराती हैं। इसी टकराव के कारण क्षेत्र में लगातार भूगर्भीय हलचल बनी रहती है। हर साल कई छोटे-बड़े भूकंप आते हैं। नेपाल में 90 से अधिक सक्रिय फॉल्ट लाइनें होने के कारण इसे दुनिया के सबसे उच्च भूकंपीय जोखिम वाले क्षेत्रों में गिना जाता है।

# इराक में अवार्डी अमेरिकी पत्रकार का अपहरण, घसीटकर कार में बैठाकर हुए फरार

## सुरक्षा बलों ने किया पीछा, आरोपियों की कार अनियंत्रत होकर पलटी, एक गिरफ्तार



बगदाद,(ए.)। इराक की राजधानी बगदाद में मंगलवार को सड़कों पर चहल-पहल थी, तभी कुछ अज्ञात नकाबपोश आए और एक अमेरिकी पत्रकार को पकड़कर ले गए। ये अवॉर्ड विनिंग अमेरिकी पत्रकार शेली किटल्सन थीं, जिनका बीच बाजार अपहरण कर लिया गया है। इराकी आंतरिक मंत्रालय और पुलिस सूत्रों ने इसकी पुष्टि की है। ये पूरी खौफनाक घटना सीसीटीवी में साफ दिखाई दे रही है।

मीडिया रिपोर्ट में चश्मदीदों और पुलिस सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि शेली किटल्सन अपनी कार से कहीं जा रही थीं, तभी दो गाड़ियों ने उनका रास्ता रोक लिया। फुटेज में दिख रहा है कि हथियारबंद नकाबपोशों ने शेली की कार का दरवाजा जबरन खोला और उन्हें अपनी गाड़ी की ओर ले गए। चश्मदीदों का कहना है कि शेली चिल्लाती रहीं, लेकिन अपहरणकर्ता ने उन्हें बंदूक की बट मारकर चुप करा दिया और अपनी गाड़ी में बैठाकर फरार हो गए।

शेली किटल्सन कोई साधारण नाम नहीं हैं, वे एक जांबाज और अवॉर्ड विनिंग जर्नलिस्ट हैं जो लंबे समय से मिडिल ईस्ट के खतरनाक इलाकों से रिपोर्टिंग कर रही हैं। शेली के पास अमेरिकी पासपोर्ट है, जो इस किडनैपिंग को एक अंतरराष्ट्रीय कूटनीतिक मुद्दा बनाता है। शेली अक्सर इराक और सीरिया में सक्रिय आतंकी गुटों और मिलिशिया के खिलाफ लिखती रही हैं। माना जा रहा है कि उनकी हालिया रिपोर्टिंग की वजह से ही वे किसी ताकतवर गुट के निशाने पर आ गईं। बताया जा रहा है कि किडनैप होने के बाद अमेरिकी पत्रकार शेली को छुड़ा लिया गया है।

## दुर्घटनाग्रस्त हुआ अमेरिका का एफ-35 फाइटर जेट, पायलट ने इजेक्ट कर बचाई खुद की जान

नेवादा(ए.)। अमेरिका के नेवादा राज्य में लास वेगास के पास स्थित नेलिस एयर फोर्स बेस पर एक बड़ा हादसा सामने आया है, जहाँ वायुसेना का एक अत्याधुनिक एफ-35 फाइटर जेट उड़ान के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। शुरुआती अपुष्ट खबरों में इस विमान के एफ -15 होने की चर्चा थी, लेकिन बाद में आधिकारिक सूत्रों और सैन्य बयानों के माध्यम से यह स्पष्ट किया गया कि क्रैश होने वाला विमान वास्तव में एफ -35 फाइटर जेट था। यह घटना नेवादा के क्लार्क काउंटी इलाके में हुई, जिससे सैन्य हलकों में कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया।वायुसेना द्वारा साझा की गई जानकारी के अनुसार, यह हादसा अमेरिकी समयानुसार शाम करीब 5 बजे के आसपास हुआ। जैसे ही विमान में तकनीकी खराबी या असंतुलन की स्थिति पैदा हुई, बेस पर तुरंत इमरजेंसी अलर्ट जारी कर दिया गया। राहत की बात यह रही कि विमान के जमीन से टकराने से ठीक पहले पायलट ने सूझबूझ का परिचय देते हुए सुरक्षित तरीके से इजेक्ट कर लिया।

# खेल समाचार

## क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने जारी की केंद्रीय अनुबंध की सूची, मैक्सवेल को नहीं मिली जगह

नईदिल्ली (ए.)। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने 2026-27 सीजन के लिए पुरुष खिलाड़ियों की केंद्रीय अनुबंध (सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट) सूची जारी कर दी है। इस 21 खिलाड़ियों की सूची में कई चौंकाने वाले फैसले देखने को मिले हैं, जिसमें कुछ बड़े नामों को बाहर रखा गया है। चयन समिति ने व्यस्त टेस्ट क्रिकेट के शेड्यूल को ध्यान में रखते हुए मल्टी-फॉर्मेट खिलाड़ियों को प्राथमिकता दी है। टीम को बांग्लादेश, दक्षिण अफ्रीका, न्यूजीलैंड और भारत के खिलाफ अहम सीरीज खेलनी है।

इस नई अनुबंध सूची में युवा ओपनर सैम कोनस्टास, तेज गेंदबाज झाय रिचर्डसन, बल्लेबाज मैथ्यू रेनशॉ और ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल को जगह नहीं मिली है। खासतौर पर मैक्सवेल का बाहर होना सबसे बड़ा झटका माना जा रहा है। इससे साफ है कि टीम मैनेजमेंट लंबे फॉर्मेट और भविष्य की योजनाओं पर ज्यादा ध्यान देना चाहती है। वहीं, स्पिनर टॉड मर्फी और नए खिलाड़ियों जैसे ब्रेंडन डॉगेट और जेक वेदराल्ड को अनुबंध में शामिल किया गया है।

चयन समिति के अध्यक्ष जॉर्ज बेली ने कहा कि अगले 12 महीनों में अलग-अलग परिस्थितियों में टेस्ट क्रिकेट ज्यादा खेला जाएगा, इसलिए मल्टी-फॉर्मेट खिलाड़ियों को प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने यह भी कहा कि गैर-अनुबंध खिलाड़ी भी अपने प्रदर्शन के आधार पर भविष्य में मौका पा सकते हैं। चयनकर्ताओं का मानना है कि टीम को मजबूत बनाए रखने के लिए लगातार नए खिलाड़ियों को तैयार करना जरूरी है।

जेवियर बार्टलेट, स्कॉट बोलैंड, एलेक्स केरी, पैट कमिंस, ब्रेंडन डॉगेट, नाथन एलिस, कैमरून ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रेविस हेड, जोश इंग्लिस, मैथ्यू कुहनेमन, मार्नस लाबुशेन, नाथन लायन, मिशेल मार्श, टॉड मर्फी, माइकल नेसर, स्टीव स्मिथ, मिचेल स्टार्क, जेक वेदराल्ड, ब्यू वेबस्टर और एडम जैम्पा।

## युजवेंद्र चहल आईपीएल में शुभमन गिल को संयुक्त सर्वाधिक बार आउट करने वाले गेंदबाज बने

नई दिल्ली, (ए.)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के चौथे मुकाबले में गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल 39 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें युजवेंद्र चहल ने आउट किया। आईपीएल के इतिहास में ये चौथा मौका था जब चहल ने गिल को आउट किया है। चहल संयुक्त रूप से आईपीएल में सबसे ज्यादा बार शुभमन को आउट करने वाले गेंदबाज भी बन गए हैं। चहल ने 4 ओवर में 28 रन देकर 2 विकेट लिए और उनकी इकॉनमी 7 की रही।

आईपीएल में दोनों खिलाड़ी 9 पारियों में आमने-सामने आए हैं। इस दौरान चहल ने शुभमन को 4 बार आउट किया है। इस बीच गुजरात टाइटंस के कप्तान ने 57 गेंदों का सामना किया और सिर्फ 69 रन बनाए। उनकी स्ट्राइक रेट 121.05 और औसत 17.25 की रही। चहल के अलावा आईपीएल में शुभमन को एनरिक नोर्खिया (9 पारी), हार्दिक पांड्या (10 पारी), आवेश खान (11 पारी), दीपक चाहर (13 पारी) और भुवनेश्वर कुमार (13 पारी) 4-4 बार आउट कर चुके हैं।

चहल आईपीएल में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। उन्होंने 2013 में अपना पहला मुकाबला खेला था। अब तक इस खिलाड़ी ने 175 मुकाबले खेले हैं और इसकी 173 पारियों में 22.69 की औसत और 7.95 की इकॉनमी रेट से 223 विकेट चटकाए हैं। उन्होंने 8 बार 4 विकेट हॉल और 1 बार 5 विकेट हॉल लिया है। उनका सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन 5/40 का रहा है। चहल एकमात्र गेंदबाज हैं जिन्होंने आईपीएल में 200 से ज्यादा विकेट लिए हैं।

# बोस्निया से हारकर इटली फीफा विश्व कप 2026 से बाहर, लगातार तीसरी बार चूकी मौका

बर्लिन (ए.)। चार बार की चैंपियन इटली फीफा विश्व कप 2026 से बाहर हो गई है। पेनल्टी से तय हुए एक रोमांचक प्लेऑफ में बोस्निया और हर्जेगोविना से हारने के बाद इटली को लगातार तीसरी बार बार फीफा विश्व कप से बाहर होना पड़ा। जेनिका में हुआ यह मैच अतिरिक्त समय के बाद 1-1 से बराबर रहा, जिसके बाद बोस्निया ने शूटआउट में 4-1 से जीत हासिल की। इस जीत के साथ बोस्निया ने 2014 के बाद पहली बार विश्व कप में जगह बनाई।

इटली के डिफेंडर लियोनार्डो स्पिनाजोला ने कहा, हमें अभी भी यकीन नहीं हो रहा है। यह सभी के लिए दुखद है।

हेड कोच जेननारो गुट्टुसो ने मैच के बाद माफी मांगते हुए कहा कि टीम उम्मीदों पर खरी नहीं उतरी।शिन्हुआ की रिपोर्ट के मुताबिक, जेनिका में इटली शुरुआत में ही सही रास्ते पर लग रहा था जब मोइज कीन ने बोस्निया के गोलकीपर निकोला वासिलज की एक बड़ी गलती का फायदा उठाकर मेहमान टीम को 15वें मिनट में बढ़त दिला दी। हाफटाइम से पहले मैच का रुख तब बदल गया जब इटली के सेंटर-बैक एलेसेंड्रो बास्टोनी को लास्ट-मैन फाउल के



लिए बाहर भेज दिया गया, जिससे मेहमान टीम को लंबे समय तक डिफेंसिव लड़ाई लड़नी पड़ी।10 खिलाड़ियों तक सिमटने के बाद, इटली ने पीछे हटकर बढ़त बचाने की कोशिश की, लेकिन बोस्निया ने दबाव बनाया, और आखिरकार 79वें मिनट में हारिस तबाकोविक ने स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया।अतिरिक्त समय में कोई भी टीम जीत नहीं पाई, जिससे मुकाबला पेनल्टी शूटआउट में चला गया जिसमें इटली को हार का सामना करना पड़ा। सैंड्रो टोनाली स्पॉट से गोल करने वाले अकेले इतालवी खिलाड़ी थे। पियो एस्पोसिटो ने ऊपर से शॉट मारा, जबकि ब्रायन क्रिस्टांटे ने बार के नीचे से शॉट मारा और उनका शॉट बाहर चला गया। बोस्निया ने चारों पेनल्टी को गोल में बदला, जिसमें एस्मिर बजरकतारेविक ने निर्णायक किक लगाई।मंगलवार को दूसरी जगह, चेक रिपब्लिक भी अतिरिक्त समय के बाद डेनमार्क के साथ 2-2 से ड्रॉ के बाद पेनल्टी शूटआउट से आगे बढ़ा। चेक टीम ने शूटआउट में कुल स्कोरिंग में 5-3 से जीत हासिल की और 2026 के फाइनल में अपनी जगह पक्की की।स्वीडन ने पोलैंड पर 3-2 से जीत के साथ क्वालिफिकेशन पक्का किया। विक्टर ग्योकेरेस के 88वें मिनट में गोल करने से पहले स्वीडन ने दो बार बढ़त गंवाई और अपनी टीम को आगे बढ़ाया।अर्दा अकतुर्कोग्लू के 53वें मिनट में किए गए विजयी गोल की बदौलत तुर्किये ने भी कोसोवो को 1-0 से हराकर वर्ल्ड कप के लिए अपनी टिकट पक्की कर ली।

## चेन्नई सुपर किंग्स छोड़ना बहुत इमोशनल था, राजस्थान रॉयल्स में वापसी पर जडेजा ने बोली बड़ी बात

नईदिल्ली (ए.)। अनुभवी बाएं हाथ के स्पिन गेंदबाज ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने 17 साल बाद राजस्थान रॉयल्स की जर्सी में वापसी की. उन्होंने आईपीएल में अपने करियर की शुरुआत 2008 में इसी टीम के साथ की थी।

सोमवार को गुवाहाटी में आईपीएल 2026 के अपने पहले मैच में जडेजा ने राजस्थान रॉयल्स की आठ विकेट की शानदार जीत में अहम भूमिका निभाने के बाद, अपनी पुरानी टीम चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ खेले गए इमोशनल मैच के बारे में बात की।

बता दें कि आईपीएल शुरू होने से पहले एक बड़े ट्रेड के बाद जडेजा राजस्थान में चले गए. उन्होंने माना कि यह बदलाव आसान नहीं था।

जडेजा ने कहा, मुझे गुलाबी रंग पसंद आ रहा है. पीला रंग थोड़ा पुराना लगने लगा था, लेकिन मैं तो बस मजाक कर रहा हूं. जाहिर है, चेन्नई सुपर किंग्स जैसी फ्रैंचाइजी को छोड़ना, जहां मैं 12-13 साल खेला था, शुरू में थोड़ा मुश्किल था. यह बहुत इमोशनल था. लेकिन मैंने खुद से कहा कि इस तरह के बदलाव भी सफर का हिस्सा होते हैं. अच्छी बात यह थी कि अब मैं उस टीम के साथ हूं जिसके साथ मैंने पहली बार आईपीएल का खिताब जीता था. उन्होंने आगे कहा, वह याद हमेशा मेरे साथ रही है कि अंडर-19 वर्ल्ड कप के बाद, मैंने वहीं से अपने आईपीएल करियर की शुरुआत की थी और अपने पहले ही सीजन में खिताब जीता था. मैंने उन यादों को एक पॉजिटिव सोच के साथ संजोकर रखा है, और मेरा मकसद है कि मैं इस नए ग्रुप के साथ जितना हो सके सीखूं और टीम के साथ अपना अनुभव भी शेयर करूं।

# IPL में एक ही टीम के लिए सर्वाधिक मैच खेलने वाले 5 खिलाड़ी, विराट कोहली शीर्ष पर



नई दिल्ली (ए.)। इंडियन प्रीमियर लीग की शुरुआत 2008 में हुई थी। मौजूदा समय में 19वां सीजन (आईपीएल 2026) खेला जा रहा है। पिछले 18 सीजन में ऐसे कई खिलाड़ी रहे हैं जो कई टीमों के लिए खेल चुके हैं, लेकिन हम आपको ऐसे 5 खिलाड़ियों के बारे में बताने जा रहे हैं जो आईपीएल में ज्यादातर सीजन या फिर पूरे आईपीएल करियर में सिर्फ 1 ही टीम के लिए खेले हैं। विराट कोहली: विराट कोहली 2008 से ही आरसीबी का हिस्सा हैं। आईपीएल में किसी भी एक टीम के लिए सबसे ज्यादा मैच खेलने का रिकॉर्ड कोहली के नाम है। 2026 में एसआरएच के खिलाफ खेले गए उद्घाटन मुकाबले तक कोहली आरसीबी के लिए कुल 268 मैच खेल चुके हैं। एमएस धोनी: सीएसके के साथ एमएस धोनी 2008 से जुड़े हैं और 5 बार अपनी कप्तानी में टीम को चैंपियन बना चुके हैं। 2016 और 2017 में सीएसके प्रतिबंधित थी। इस वजह से धोनी राइजिंग पुणे सुपरजायंट्स की तरफ से खेले थे। इसके अलावा पिछले 18 सीजन में 16 सीजन धोनी सीएसके की तरफ से खेले हैं। आईपीएल 2025 तक धोनी ने सीएसके के लिए कुल 248 मैच खेले हैं और एक टीम के लिए सर्वाधिक मैच खेलने वाले खिलाड़ियों की सूची में दूसरे स्थान पर हैं।

रोहित शर्मा: 2008 से 2010 तक डेक्कन चार्जेस का हिस्सा रहे रोहित शर्मा 2011 से मुंबई इंडियंस का हिस्सा रहे हैं। रोहित आईपीएल 2026 में केकेआर के खिलाफ हुए मैच तक 228 मैच खेल चुके हैं। वह एक टीम के लिए सबसे ज्यादा मैच खेलने वाले तीसरे खिलाड़ी हैं।

सुनील नरेन: ऑफ स्पिनर सुनील नरेन 2012 से कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) से जुड़े हुए हैं। आईपीएल 2026 में एमआई के खिलाफ हुए मैच तक नरेन केकेआर के लिए 190 मैच खेल चुके हैं।

किरोन पोलार्ड: पोलार्ड ने 2010 से 2022 तक मुंबई इंडियंस (एमआई) के लिए 189 मैच खेले हैं। वह एक टीम के लिए सबसे ज्यादा मैच खेलने वाले खिलाड़ियों की सूची में पांचवें नंबर पर हैं। पोलार्ड अब आईपीएल से संन्यास ले चुके हैं और एमआई के बल्लेबाजी कोच हैं। विश्व कप में यूईएफए की सभी 16 जगहें अब तय हो गई हैं। यह टूर्नामेंट 11 जून से 19 जुलाई तक अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में होगा, जिसमें 48 टीमें हिस्सा लेंगी।

### पंजाब ने गुजरात को तीन विकेट से हराकर जीत के साथ किया आगाज, कोनोली ने खेली शानदार अर्धशतकीय पारी

नईदिल्ली, (ए.)। आईपीएल 2026 के चौथे मैच में पंजाब किंग्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया और फिर शानदार गेंदबाजी करके गुजरात टाइटन्स को 162 रन पर ही रोक दिया. उसके बाद प्रभसिमरन सिंह (37) और कूपर कोनोली के 44 गेंदों में नाबाद 72 रनों की पारी की वजह से 19.1 ओवर में 7 विकेट खोकर लक्ष्य को हासिल कर लिया।

एक समय पंजाब की टीम आसानी से मैच को जीतते हुए नजर आ रही थी जब उसका स्कोर 12 ओवर में 2 विकेट पर 110 रन था, लेकिन उसके बाद पंजाब ने 44 रन के अंदर 5 विकेट खो दिए, जिसके बाद उनका स्कोर 17 ओवर में 7 विकेट पर 144 रन हो गया. लेकिन कोपर कोनोली ने 72 रनों की शानदार पारी खेलकर टीम को जीत दिला दी.कोनोली ने अपनी पारी में 5 चौके और 5 छक्के लगाए. जिसकी वजह से उनको प्लेयर ऑफ दि मैच का अवॉर्ड दिया गया. प्रभसिमर और कोनोली के अलावा कोई दूसरा बल्लेबाज ज्यादा रन नहीं बना सके. कप्तान श्रेयस अय्यर 18 रन बनाकर आउट हो गए. वही गुजरात की तरफ से प्रसिद्ध कृषणा सबसे सफल गेंद बाज रहे. उन्होंने 4 ओवर में 29 रन देकर 3 विकेट हासिल किए. इसके अलावा रबाड़ा, आशोक, राशिद खान और सुंदर को एक-एक विकेट मिला.इससे पहले न्यू चंडीगढ़ के महाराजा यादवेंद्र सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए इस मैच में गुजरात ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पूरे 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 162 रन बनाए।

# आज शहर की गली गली में गूंजेंगे जय बजरंगबली के जयघोष

## –शहर के शताधिक हनुमान मंदिरों में हनुमान जयंती की हुई तैयारियां होंगे विविध आयोजन



नर्मदापुरम (निप्र)। मारूतीनंदन पवनसुत हनुमानजी की जयंती के पावन अवसर पर आज गुरूवार को शहर के शताधिक हनुमान मंदिरों में रामभक्त हनुमान जी का जन्म महोत्सव भक्ति भाव और धूमधाम से मनाया जाएगा। जिसकी तैयारी कर ली गई है। सभी मंदिरों में विशेष आयोजन होंगे। शहर में अखंड पाठ, चोला चढ़ाने, शोभायात्रा निकालने के साथ ही भंडारे के आयोजन भी शामिल हैं। सभी मंदिरों में एक दिन पूर्व से ही विशेष साफ सफाई की गई है। हनुमान मंदिरों की पुताई के साथ विद्युत साज सज्जा और मंदिर परिसर को पीले रंग की झंडियों से सजाया जा चुका है।

### आज होंगे विविध आयोजन

चैत्र मास की पूर्णिमा पर शहर में अनेक धार्मिक कार्यक्रम होंगे। नगर के प्रसिद्ध प्राचीन सिद्ध मंदिर खेड़ापति हनुमान मंदिर जगदीशपुरा में हनुमान जयंती महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। यहां सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लग जाएगा। मंदिर में सुबह ही चोला चढ़ाने का कार्यक्रम होगा। उसके बाद पूजन के कार्यक्रम होंगे। यह जानकारी देते हुए पप्पी महाराज ने बताया कि एक दिन पूर्व ही यहां पर आयोजन शुरू हो गए हैं। पूजन पाठ और आरती के बाद दोपहर में भंडारे का आयोजन होगा। हनुमान जयंती के अवसर पर चैत्र मास की पूर्णिमा पर शहर में अनेक कार्यक्रम होंगे। जिसकी तैयारियां हनुमान भक्तों के द्वारा पूरी कर ली गई है। के साथ ही हनुमान जी महाराज की पूजा अर्चना एवं आरती की जाएगी। हनुमान भक्तों के द्वारा शहर में भगवा रंग से रंग दिया हैं।

### कहां क्या होंगे मुख्य कार्यक्रम

–खेड़ापति हनुमान मंदिर में सुबह पूजन पाठ के साथ ही चोला चढ़ाया जाएगा उसके बाद दोपहर में भंडारा।

–सतरस्ते पर सुबह चौला चढ़ाने के बाद पूजन अर्चन आरती के बाद दोपहर में भंडारे का आयोजन होगा।

–कोर्ट वाले हनुमान मंदिर में सुबह के समय भजन कीर्तन के बाद पूजन अर्चन और उसके बाद भंडारा।

### चैत्र पूर्णिमा और हनुमान जयंती आज

#### संकट मोचन हनुमान जी की आराधना में तल्लीन रहेंगे श्रद्धालु

नर्मदापुरम। चैत्र माह की स्नानदान पूर्णिमा जैसे विशेष स्नान पर्व और हनुमान जयंती आज भक्ति भाव के साथ मनाई जाएगी। नर्मदा तट पर भीड़ उमड़ेगी। राम भक्त हनुमान जयंती के अवसर पर हनुमान मंदिरों में धार्मिक आयोजन व स्नान पर्व पर नर्मदा तट के घाटों पर भीड़ रहेगी। शहर के श्रद्धालुओं ने नवरात्रि पर्व मनाने के बाद अब आज सुबह से ही स्नान करने के लिए श्रद्धालु नर्मदा तट पर पहुंचेगे। आचार्य पं नीरजेश त्रिपाठी ने कहा कि स्नान के विशेष पर्व पर पूर्णिमा पर स्नान कर हनुमान चालीसा का पाठ जरूर करना चाहिए। इससे मां नर्मदा और हनुमान जी की कृपा बनी रहेगी।

–डीईओ कार्यालय के पास वाले हनुमान मंदिर में दोपह के समय पूजन होगी उसके साथ ही भंडारे का आयोजन।

–बालागंज हनुमान मंदिर में सुबह हनुमान जी का जन्मोत्सव होगा उसके बाद विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी।

–कृषि विभाग कार्यालय के पास के मंदिर में रामायण पाठ सुंदर कांड का पाठ, भजन के आयोजन और भंडारा।

–विहिप बजरंग दल के द्वारा सायं चार बजे रामजी बाबा समाधि स्थल से विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी।

# नवीन शिक्षा सत्र के प्रथम दिवस समेरिटन्स में प्रवेशोत्सव

### बच्चों में दिखा उत्साह



नर्मदापुरम (निप्र)। नवीन शिक्षा सत्र के प्रथम दिवस बुधवार को समेरिटन्स विद्यालय में प्रवेशोत्सव मनाया गया। इस दौरान बच्चों में काफी उत्साह दिखा। विद्यालय प्रबंधन द्वारा विद्यालय आए बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया। प्रवेश उत्सव को लेकर प्री प्राइमरी विंग में अधिक उत्साह रहा। यहां अभिभावक बच्चों को लेकर विद्यालय आए। इसी प्रकार प्राइमरी विंग में प्रवेश उत्सव गीत संगीत के साथ प्रारंभ हुआ। प्रथम दिवस पिछले सत्र में उत्कृष्ट उपलब्धि प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान डायरेक्टर डॉ आशुतोष शर्मा ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि जीवन में सीखने की ललक सदैव बनी रहनी चाहिए। शिक्षिका सिम्मी झा ने कहा कि नए सत्र में हम नवीन विचार और नवीन लक्षण के साथ आगे बढ़ेंगे। उन्होंने सभी बच्चों को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में प्राचार्य श्रीमती प्रेरणा रावत, समन्वयक आरके सिंह, आरके रघुवंशी आदि उपस्थित थे।

# फैज अहमद किदवई डीओपीटी में अतिरिक्त सचिव बने

### नर्मदापुरम वासियों ने दी बधाई व शुभकामनाएं



नर्मदापुरम। भोपाल (निप्र)। मप्र कैडर के सीनियर आईएएस अधिकारी फैज अहमद किदवई को केंद्रीय कार्मिक मंत्रालय के कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग में अतिरिक्त सचिव बनाया गया है। किदवई अभी तक केंद्रीय उड्डयन मंत्रालय में डायरेक्टर जनरल सिविल एविएशन के पद पर पदस्थ रहे हैं। श्री किदवई को मिली नई जबावदारी पर नर्मदाचंल के अनेक सेवाभावी संगठनों ने उन्हें हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। शहीद चंद्रशेखर आजाद युवा मंडल समिति के अध्यक्ष श्रीकृष्ण यादव व उनकी मित्र मंडली ने शुभकामनाएं देते हुए खुशी जाहिर की है। कृष्ण यादव ने कहा कि श्री किदवई जी जब होशंगाबाद जिले के कलेक्टर थे। तब से ही उनकी कार्यशैली काफी प्रभावशील रही है। उन्होंने अनेक उल्लेखनीय कार्य किए हैं। आज भी नर्मदापुरम वासी उनके द्वारा किए गए कार्यों के चलते उन्हें याद करते हैं। चाहे केंद्र सरकार हो या प्रदेश सरकार उन्हें जो जबावदारी दी है उसे उन्होंने बखूबी निभाई है। श्री किदवई वास्तव में एक अनुभवी तथा लगनशील अधिकारी हैं। उनकी मुस्कुराहट आज भी वैसी है।

# नरवाई जलाने वाले किसानों पर की गई कार्यवाही

### जिला नर्मदापुरम में नरवाई न जलाने के नियमों की अनदेखी करने पर किसानों पर हुई सख्त कार्यवाही, एफ.आई.आर दर्ज



नर्मदापुरम (निप्र)। जिले में विगत दो महीनों से लगातार कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना की अध्यक्षता में नरवाई प्रबंधन हेतु कार्यशालाओं, संगोष्ठियों, विकासखण्ड स्तरीय खेत पाठशालाओं तथा जिला स्तरीय कृषि रथ संचालन द्वारा समय समय पर किसानों को नरवाई जलाने के दुष्प्रभावों तथा नरवाई प्रबंधन की तकनीकों से अवगत कराया जा रहा है। अपर कलेक्टर अनिल जैन, के आदेश अंतर्गत जिले में धारा 163 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता–2023 द्वारा भी किसानों को नरवाई जलाने से रोकने की कार्यवाही की गई। इसके बाद भी सभी नियमों की अनदेखी कर लगातार विगत 15 दिनों से जिले में नरवाई जलने की घटनाएं सामने आ रही हैं। आई.सी.ए.आर कीम्स, भोपाल द्वारा जारी सेटेलाईट रिपोर्ट के अनुसार आज दिनांक तक तहसील नर्मदापुरम में 80, तहसील सिवनीमालवा में 1463, तहसील डोलरिया में 417, तहसीली इटारसी में 64, तहसील माखननगर में 7 तथा तहसील बनखेडी में 259 नरवाई की घटनाएं परिलक्षित हुई है। इस प्रकार जिले में कुल 2090 नरवाई जलने की घटनाएं सामने आ चुकी है।उक्तानुसार नरवाई जलाने पर प्रशासन द्वारा लगातार दण्डात्मक एवं जुर्माने की कार्यवाही भी की जा रही है। तहसील सिवनी मालवा में 5 लाख 46 हजार रुपए का जुर्माना अधिरोपित किया गया है तथा 2 एफआईआर भी दर्ज की गई है। जिले में अभी तक नरवाई जलाने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध 02 एफ.आई.आर की कार्यवाही तहसील बनखेडी में ग्राम कामती एवं कोंडापडरई में की जा चुकी है। इसी प्रकार तहसील बनखेडी के ग्राम परसवाडा, बहरावन, माल्हनवाडा तथा पथकुही में 13 व्यक्तियों के विरूद्ध 37500 रू. के जुर्माने की कार्यवाही तथा तहसील पिपरिया के ग्राम तरौनकलां एवं सिंगनामा में 02 व्यक्तियों के विरूद्ध 5000 रू. के जुर्माने की कार्यवाही प्रशासन द्वारा की गई है। प्रशासन द्वारा लगातार किसान भाईयों से नरवाई न जलाने की अपील तथा इसके दुष्परिणामों की जानकारी दी जा रही है।

### *आरएनए विद्यालय में शाला प्रवेशोत्सव आयोजित, विधायक ठाकुरदास नागवंशी ने विद्यार्थियों को वितरित कीं पुस्तकें*

*नर्मदापुरम (निप्र)। आरएनए विद्यालय पिपरिया में शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पिपरिया विधायक ठाकुरदास नागवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती नीना नागपाल एवं एसडीएम आकीप खान विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों द्वारा विद्यार्थियों को पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया गया तथा उन्हें नए शैक्षणिक सत्र के लिए शुभकामनाएं दी गईं।इस अवसर पर विधायक ठाकुरदास नागवंशी ने बच्चों के साथ अपने विचार साझा करते हुए, उन्हें मन लगाकर पढ़ाई करने और अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में उत्साह का वातावरण रहा तथा विद्यार्थियों ने भी हर्षोल्लास के साथ कार्यक्रम में सहभागिता की।*

# म्यूजिक जोन नर्मदापुरम का सौहार्द दिवस समारोह कल

### पूर्व विधायक गिरजा शंकर शर्मा को समर्पित रहेगा कार्यक्रम

नर्मदापुरम। म्यूजिक जोन नर्मदापुरम द्वारा समय.समय पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर संगीत में रुचि रखने वाले कलाकारों को मंच प्रदान किया जाता रहा है। संस्था द्वारा न केवल कला को बढ़ावा दिया जा रहा है, बल्कि समाज में आपसी प्रेम, सम्मान और भाईचारे को मजबूत करने के लिए भी निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आगामी 3 अप्रैल को सौहार्द दिवस समारोह का आयोजन म्यूजिक जोन द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम में स्थानीय कलाकरों के अलावा बाहर से भी कलाकारों एवं वरिष्ठ नागरिकों को आमंत्रित किया गया है । इस संबंध में जानकारी देते हुए जोन के सचिव सईद कुरैशी ने बताया कि म्यूजिक जोन शहर की प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करता रहा है और सभी के बीच आपसी सामंजस्य एवं सकारात्मक माहौल बनाए रखने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। श्री कुरैशी बताया कि संस्था अपने सदस्यों एवं वरिष्ठ सदस्यों के साथ मिलकर समय.समय पर विशेष कार्यक्रमों का आयोजन करती रहती है। इस बार का कार्यक्रम क्षेत्र के पूर्व विधायक गिरजा शंकर शर्मा को समर्पित किया जाएगा।

# *प्राचीन हनुमान मंदिर में आज होंगे धार्मिक अनुष्ठान*

*नर्मदापुरम (निप्र)। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी हनुमान जी के जन्मोत्सव पर आज गुरूवार को मां नर्मदा के पावन तट सेठानी घाट स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में आरती, अभिषेक, भंडारा एवं सुन्दरकाण्ड के पाठ का आयोजन किया गया है। आयोजन समिति के पं अरूण पांडेय ने श्रद्धालुओं से इस धार्मिक अनुष्ठान में शामिल होने का आव्हान किया है। आरती प्रात: 6 बजे अभिषेक प्रात: 7 बजे एवं भंडारे के आयोजन 11.30 बजे से 3 बजे तक जारी रहेंगे। इसके साथ ही सुन्दरकाण्ड पाठ का आयोजन शाम.7 बजे से होगा।*

## *देवेंद्र रिठौरिया सर्वसम्मति से अध्यक्ष बने*

नर्मदापुरम (निप्र)। *नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत निरंतर वार्ड कमेटी पुनर्गठन का कार्य किया जा रहा है इसी कड़ी में आज वार्ड 19 की बैठक अनोखी राजोरिया नेता प्रतिपक्ष नपा के कार्यालय में सम्पन्न हुई बैठक में देवेंद्र रिठौरिया को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया। बैठक में कपिल सैनी, दिनेश भारदेव, कालीचरण, गणेश प्रसाद, मनीराम, गौरव, विनोद, राजेश केवट, जीतू भरदेव, सूरज, आनंद, गौरव, बल्लू, सूरज रिटोरिया सहित अन्य कांग्रेस जन उपस्थित रहे।*

# नर्मदापुरम में शाला प्रवेशोत्सव के साथ नए शैक्षणिक सत्र का हुआ शुभारंभ

## विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत, निशुल्क पाठ्यपुस्तक एवं साइकिल का वितरण

नर्मदापुरम (निप्र)। बुधवार को नर्मदापुरम जिले के समस्त शासकीय विद्यालयों में शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम उत्साहपूर्वक आयोजित कर नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया तथा उन्हें निशुल्क पाठ्यपुस्तक एवं साइकिल का वितरण किया गया। जिले भर के विद्यालयों में जनप्रतिनिधियों एवं शिक्षकों ने विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए उन्हें नवीन कक्षाओं में प्रवेश दिलाया। विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। नर्मदापुरम विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, नर्मदापुरम में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान विद्यार्थियों को निशुल्क पाठ्यपुस्तक एवं साइकिल वितरित की गई। कार्यक्रम में नपा अध्यक्ष श्रीमती नीतू यादव, जिला शिक्षा अधिकारी एल.एन. प्रजापति सहित अन्य जनप्रतिनिधि, शिक्षक एवं अधिकारी उपस्थित रहे।



इसी क्रम में सांदीपनी विद्यालय पवारखेड़ा में आयोजित कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष भूपेंद्र चौकसे, जिला पंचायत सीईओ हिमांशु जैन एवं डीपीसी डॉ. राजेश जैसवाल की उपस्थिति में शाला प्रवेशोत्सव संपन्न हुआ। शासकीय नवीन हाई स्कूल गुर्जरवाड़ा में प्राचार्य एवं शिक्षकों द्वारा सरस्वती पूजन के साथ विद्यार्थियों को पुस्तकों का वितरण किया गया। शासकीय ईएफए एसएनजी स्कूल में जिला शिक्षा अधिकारी एल.एन. प्रजापति की उपस्थिति में विद्यार्थियों को पुस्तकें प्रदान कर शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। प्रवेशोत्सव के अवसर पर बनाए गए सेल्फी पॉइंट पर विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सेल्फी लेकर शिक्षा से जुड़ने की खुशी व्यक्त की।

# सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में सफल रेस्क्यू ऑपरेशनः रेडियो-कॉलर युक्त बाघ को सुरक्षित पकड़ा गया

नर्मदापुरम (निप्र)। क्षेत्र संचालक सतपुड़ा टाइगर रिजर्व ने बताया कि सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के अंतर्गत एक रेडियो–कॉलर युक्त नर बाघ को 01 अप्रैल 2026 को सफलतापूर्वक रेस्क्यू कर लिया गया है, जो लगभग दो से ढाई माह से नर्मदापुरम वनमंडल के रहवासी क्षेत्रों के आसपास विचरण कर रहा था। यह रेस्क्यू अभियान तीन दिनों तक सतत मेहनत, तकनीकी ट्रैकिंग, 5 हाथियों एवं मैदानी दलों के समन्वित प्रयासों से संचालित किया गया। वन विभाग की टीम ने अत्यंत सतर्कता एवं कुशलता का परिचय देते हुए बिना किसी अप्रिय घटना के बाघ को सुरक्षित नियंत्रित किया।बाघ का स्वास्थ्य परीक्षण उपरांत सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के उपयुक्त एवं सुरक्षित खुले वन क्षेत्र में पुनः विस्थापन (रिलीज) किया गया, जिससे उसके प्राकृतिक व्यवहार एवं आवास का संरक्षण सुनिश्चित किया जा सके।

# गुडफ्राइडे के अवसर पर प्राचीन चर्च में कल होंगे कार्यक्रम

### शहर की सभी चर्च में दिनभर रहेगा तांता

नर्मदापुरम (निप्र)। ईषाई समुदाय के विशेष पर्व गुड फ्राइडे के अवसर पर शहर की सभी प्रमुख चर्च में सुबह और शाम के समय तांता लगेगा। चर्च में तैयारियां चल रही है। प्रभु यीशु के वचनों को याद किया जाएगा। वहीं बाईबिल के पाठ पढ़े जाएंगे। इस अवसर पर चर्च में विशेष प्रार्थना सभा के साथ ही बाईबिल का वाचन, प्रवचन व भजन किए जाएंगे। ईषाई समुदाय का विशेष पर्व होने के कारण धूमधाम से मनाया जाएगा। शहर के ईषाई समुदायों में विशेष कर बच्चों में इस पर्व को लेकर काफी उत्साह बना हुआ है। ईषाई समाज के द्वारा सुबह से ही चर्च में दीन दुखी व मरीजों के लिए प्रार्थनाएं की जाएंगी। शाम को सभी के लिए दुआएं की जाएंगी। सदर बाजार की प्राचीन चर्च में विशप संतोष सागर के द्वारा भजन, प्रवचन व प्रार्थना की जाएगी।। सभी लोगों की सुख समृद्धि की कामना की जाएगी। छोटे बच्चों को आशीर्वाद दिया जाएगा। रसूलिया उन्होंने बताया कि गुडफ्राइडे के अवसर पर चर्च में बाइबिल का विशेष पाठ किया जाएगा। इस मौके पर विशेष प्रार्थना सभा और भजन कीर्तन किए जाते हैं।

# कमिश्नर कार्यालय में हुआ वंदे मातरम का गायन




नर्मदापुरम (निप्र)। शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक माह की पहली तारीख को शासकीय कार्यालयों में वंदे मातरम का गायन किया जाता है। इसी कड़ी में 1 अप्रैल को आयुक्त कार्यालय के सभा कक्ष में वंदे मातरम का गायन किया गया। इस अवसर पर नर्मदापुरम संभाग कमिश्नर कृष्ण गोपाल तिवारी, संयुक्त आयुक्त विकास नवल मीणा, उपायुक्त विकास डी एन पटेल सहित कमिश्नर परिसर स्थित सभी कार्यालयों के अधिकारी एवं कर्मचारीयों ने उपस्थित रहकर सामूहिक रूप से वंदे मातरम का गायन किया।

# जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत पानी की एक एक बूंद को सहेजने के लिए हुआ चौपाल का आयोजन



नर्मदापुरम (निप्र)। कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के निर्देशानुसार मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद नर्मदापुरम के द्वारा जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत नर्मदापुरम जिला मुख्यालय पर स्वयं सेवी संस्थाओं के साथ चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें समस्त जिले की 35 स्वयं सेवी संस्थाओं सहित जन अभियान परिषद के विकासखंड समन्वयक एवं जिला समन्वयक पवन सहगल ने हिस्सा लिया। चौपाल में स्वयंसेवी संस्थाओं के द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत की जा रही गतिविधियों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई एवं आगे आने वाले समय में की जाने वाली गतिविधियों पर मंथन किया गया। सभी स्वयंसेवी संस्था प्रतिनिधियों के द्वारा अपने–अपने विचार व्यक्त किए गए। जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक पवन सहगल ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान अकेले सरकार का अभियान नहीं है, हम सभी को मिलकर इसे समाज का अभियान बनाना है। जल गंगा संवर्धन अभियान में संत समाज एवं सरकार सभी की महत्वपूर्ण भूमिका है। अंत में सभी के द्वारा पानी की एक–एक बूंद को सहेजने के लिए संकल्प लिया गया।

# जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत ग्राम गाजनपुर में जल मंदिर की स्थापना

नर्मदापुरम (निप्र)। कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के निर्देशानुसार मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद नर्मदापुरम के द्वारा समस्त जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में ग्राम पंचायत गाजनपुर में सेक्टर क्रमांक 04 मालापाट में नवांकुर संस्था जीवनदायनी समाज सेवा समिति गाजनपुर द्वारा जल मंदिर की स्थापना की गई। जिससे राहगीरों को शीतल जल मिल सके। अध्यक्ष सुनील सिंगोरिया ने जल मंदिर स्थापना में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इसके पश्चात जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर ग्राम के वरिष्ठ नागरिक, जीवनदायनी समाज सेवा समिति गाजनपुर अध्यक्ष सुनील सिंगोरिया, संयुक्त सचिव काजल रघुवंशी, परामर्शदाता सेवनदास लौवंशी, बीएमडब्ल्यू एमएसडब्ल्यू छात्र छात्राएं स्वाति यदुवंशी, निधि इवने, दिव्या देवड़ा एवं युवा साथी उपस्थित रहे।

*स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक एवं ब्यूरों प्रमुख श्री कृष्णकांत सक्सेना की ओर से आलोक प्रेस,तलैया भोपाल एव श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा ''शिवरानी भवन'', क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम ( होशंगाबाद ) से प्रकाशित। स्थानीय ब्यूरों प्रमुख श्री बलराम शर्मा सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 ( नर्मदापुरम मो. 9926434695 ) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com*